तापमान

अधिकतम 29.7 डिग्री

न्यूनतम 11.4 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 20 जनवरी 2025



12 विभागों से बायोमेट्रिक सिस्टम गायब, बेलगाम हुए कर्मचारी





13 श्रीराम कथा आदर्श पथ पर चलने की देती है प्रेरणा






# प्रकृति, माया और शक्ति से निर्मित, सभी इनके अधीन हैं: संत श्रीमाता जी

## जयशक्ति आश्रम निकुम में कलयुग सम्राट राजसूय महायज्ञ के 19 वें दिन आहुति दी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जयशक्ति आश्रम निकुम में कलयुग सम्राट राजसूय महायज्ञ के 19 वें दिन रविवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहूति दी। सुबह 11 बजे राजसूय महायज्ञ प्रारंभ हुई। दोपहर एक बजे तक चले इस महायज्ञ को आयोजक व जयशक्ति आश्रम निकुम के संतश्री माताजी ने पूर्ण वैदिक रीति- रिवाज से संपन्न करवाया। महायज्ञ स्थल ऊं नमो भगवते वासुदेवाय नमः गूंजायमान रहा। महायज्ञ में श्रद्धालुओं की आस्था, भक्ति और दृढ़ विश्वास बढ़ता ही जा रहा है। लोग पूरे मनोयोग से यहां आ रहे हैं और अपनी भक्ति में लीन हैं।

### इससे पितरों का भी हो जाता है मोक्ष

श्रीश्चते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहोरात्रे पाश्र्वे नक्षत्राणि रूपमशिवनी व्यात्तम । इष्णन्निषाणामु म इषाण। सर्वलोक म इयाण । महायज्ञ के आयोजक व जयशक्ति आश्रम निकुम के संतश्री माताजी ने इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रार्थना में हम सब प्रार्थना करते हैं कि हे प्रभो ! श्रीदेवी और लक्ष्मी देवी ये आपकी पत्नियां हैं दिन और रात्रि आपके पार्श्व हैं, नक्षत्र आपके रूप हैं. पृथ्वी, स्वर्ग मुख विकास है। हमें आप प्यार करते हैं. इसलिए हमारा अभ्युदय चाहोगे। मैं सर्वलोकात्मक हो जाऊं ऐसी प्रार्थना है। उन्होने कहा कि प्रकृति, माया व शक्ति से निर्मित सभी इनके आधीन हैं। इससे पितरों का भी मोक्ष हो जाता है।



### 70 बाई 60 फीट का विशाल यज्ञ मंडप में चल रहा राजसूय महायज्ञ

जयशक्ति आश्रम निकुम में राजसूय महायज्ञ संपन्न करवाने के लिए संतश्री माताजी ने विशाल यज्ञ मंडप बनवाया है। 70 बाई 60 फीट में महायज्ञ मंडप बनाया गया है। इसके अलावा 4 एकड़ क्षेत्रफल में मंदिर व 7 एकड़ परकोटा में तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व नगरी निर्माण कार्य होंगे। कुल 25 एकड़ परिसर भूमि महायज्ञ व मंदिरों की वजह से पावनधरा बन चुकी है। संतश्री माताजी ने श्रद्धालुओं को इस पावनधरा होने पर प्रकाश भी डाला।



### राजसूय महायज्ञ में शामिल श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूरी करने की परिक्रमा पूरी

राजसूय महायज्ञ में आरती के बाद श्रद्धालुओं ने परिक्रमा लगाई। धार्मिक मान्यता के अनुसार मनुष्य के जीवन में यज्ञ परिक्रमा का विशेष महत्व माना जाता है। यज्ञ मंडप पर अग्नि नारायण सहित समेत देवी-देवताओं का आह्वान किया जाता है, इस दौरान समस्त देवी देवताओं को प्रसन्न करने के लिए पग-पग यज्ञ की परिक्रमा कर मनुष्य सुख-शांति,आरोग्यता, दीर्घायु प्राप्त करता है। सनातन धर्म में परिक्रमा लगाना बेहद शुभ माना गया है। मान्यता है कि जो भगवान की परिक्रमा लगाता है , उसे सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है और जब वह व्यक्ति घर जाता है तो घर में फैली नकारात्मक ऊर्जा नष्ट हो जाती है। इसलिए भगवान की परिक्रमा करना फायदेमंद माना जाता है।

### 26 जनवरी को अनुरागधारा सांस्कृतिक कार्यक्रम

राजसूय महायज्ञ का समापन 26 जनवरी रविवार को होगा। इस दिन छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका कविता वासनिक का अनुराग धारा राजनांदगांव का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। शाम 4.50 बजे से रात 11 बजे तक यह कार्यक्रम चलेगा। समापन के अवसर पर मंडई-मेले जैसा माहौल होगा। जिसकी तैयारी में जय शक्ति आश्रम निकुम से जुड़े धर्मावलंबी जुटे हुए हैं। वैसे तो हर दिन राजसूय महायज्ञ चल रहा है और भंडारे में श्रद्धालु भोजन-प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं लेकिन 26 जनवरी समापन पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ का उतार-चढ़ाव बरा कड़ही विशेष होगा। क्रमशः

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्करी, चार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (बी) के तहत जुर्म दर्ज किया है। एसडीओपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम सेलूद मटंग रोड पर यशवंत कुमार बढई गांजा बेच रहा है। मौके पर एसीसीयु व उतई पुलिस की टीम ने दबिश दिया। गांजा को उड़िसा से खरीदकर लाना स्वीकार किया। गांजा तस्करी व ग्राहक की सप्लाई के लिए गाडाडीह की तरफ अन्य युवको का जाना बताया है। पुलिस घेराबंदी कर आरोपी सुदान राउत, कृपासिंधु तांडी,सत्तार मरकाम को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से कुल गांजा 17.088 गांजा जब्त किया गया। इसके अलावा मोबाइल, वाहन, तीन मोबाइल बरामद किया है। उक्त सामानों की कुल कीमत 2 लाख 4 हजार 528 रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में एसीसीयू टीआई तपेश नेताम, उतई टीआई विपिन रंगारे की टीम का अह्म योगदान रहा है।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सूर्या मॉल के पास से वाहन चोरी हुआ था। पुलिस ने इसे आरोपी सुनीत यादव के पास से उक्त बाइक जब्त की गई है। जिसकी कीमत 10 हजार आंकी गई है।

## दो आरोपियों के खिलाफ किया जुर्म दर्ज

# गौमांस बिक्री की सूचना से बजरंग दल का हंगामा

### कथित खरीददार युवक ने की खुदकुशी, बजरंग दल ने किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

फरीद नगर में गौमांस बिक्री को लेकर जमकर बवाल मचा। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्टिंग ऑपरेशन कर एक युवक पर गौमांस बेचने का आरोप लगाया। बजरंग दल के हंगामें के बाद सुपेला पुलिस ने दो व्यक्ति पर गौमांस बेचने का जुर्म पंजीबद्ध किया है। मोहल्लेवासियों ने बजरंग के कार्यकर्ताओं का जमकर विरोध भी किया। इसी बीच युवक ने फांसी भी लगा ली। मृतक के परिजनों का आरोप है कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के भय से युवक ने खुदकुसी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरीद नगर हड्डी गोदाम के पास तीन घरों में मांस बिक्री की सूचना पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्टिंग ऑपरेशन किया। रविवार को बजरंग दल का एक सदस्य ग्राहक बनकर फरीद नगर पहुंचकर गौमांस खरीदा। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया। हंगामें के दौरान कथिततौर गौमांस बेचने वाले लोग मौके से फरार हो गए। विरोध के बाद सुपेला पुलिस ने फरीद नगर निवासी अब्बास कुरैशी और राजसोनी के खिलाफ नामजद धारा कृषि पशु अधिनियम परीक्षण व पशु अधिनियम के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया है। बजरंग दल के संयोजक राजेश देवांगन की शिकायत पर पुलिस ने यह अपराध दर्ज किया है। आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी फरार बताए जा रहे है। पुलिस इस मामले जांच कर रही है। पुलिस ने इस मामले अभी गिरफ्तार नहीं की है। गौमांस की बिक्री खबर से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की भीड़ फरीद नगर में एकत्रित होने लगी। हंगामें की खबर सुपेला थाने को लगने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हंगामें के बीच फरीद नगर में रहने वाले युवक लोकेश सोनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लोकेश सोनी कथिततौर पर गौमांस खरीदकर लाया था और काफी डरा हुआ था। हंगामें से वह डरकर घर के अंदर कमरा बंद कर लिया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लोकेश के परिवार की चाची संतोषी सोनी का कहना है कि बजरंग दल के हंगामें की वजह से लोकेश ने आत्महत्या की है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। युवक की मौत के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रदर्शन करने के बाद लौट गए।



### मामले में जांच जारी

गौमांस प्रकरण में नामजद दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया गया है। आरोपी फरार है। आत्महत्या से गौमांस का प्राथमिक तौर पर कोई लेना-देना नहीं। **राजेश मिश्रा,** टीआई सुपेला थाना

## सब्जी कारोबारी के साथ मारपीट

### पीड़ित के सोने की जेवर गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

सब्जी कारोबारी के मंडी में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है।घटना की शिकायत पर पुलिस ने 296, 115 (2), 351 (3), 324 (2), 333, 191 (3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं फरार की तलाश जारी है। सुपेला पुलिस ने बताया कि पावर हाउस कैम्प 2 निवासी अमित कुमार सिंह सब्जी कारोबारी है। जिसका सुपेला मंडी में शॉप है।18 जनवरी की रात सौरभ जायसवाल अपने दोस्तों अमित सिंह ठाकुर, महीर जायसवाल,नमन अग्रवाल, आयुष यादव, रीतिक राय समेत अन्य लोगों ने मिलकर सब्जी कारोबारी पर हाकी, डंडे से जमकर मारपीट कर गाली गलौज करते रहे। इस दौरान पीड़ित अमित के शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटे आई है। इसके अलावा आरोपी सौरभ जायसवाल समेत अन्य ने मिलकर किए मारपीट में पीड़ित का सोने का ब्रेसलेट और चैन गायब है। सौरभ जायसवाल जायसवाल सब्जी कारोबारी के यहां पहुंचकर दबंगई दिखाते हुए मारपीट किया है। जिसका वीडियों भी पुलिस ने जब्त किया है। इसे लेकर 18 जनवरी की रात से सुपेला थाना में जमकर बवाल मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि सुपेला पुलिस ने आरोपियों को उल्टा लॉकअप में डालना छोड उन्हें खुर्सीपार बिठाकर रखी थी। इधर देरत रात अमित के समर्थकों के पहुंचने के बाद पुलिस ने हरकत में आई और कार्रवाई किया।

- सुपेला पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

## पैदल जा रहे वृद्ध को हाइड्रा ने ठोका, मौत

**भिलाई।** पैदल जा रहे व्यक्ति को हाइड्रा क्रेन चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्व चलाते हुए जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने हाइड्रा चालक के खिलाफ धारा 106(1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम मुडपार निवासी पुनीत राम पटेल सड़क किनारे से अपने घर की ओर जा रहा था। इस दौरान भारतमाता चौक मुडपार के पास हाईड्रा क्रेन सीजी 07 सीयू 2312 का चालक तेजी एवं लापरवाही पुर्वक चलाते लाकर पुनीत राम पटेल को पीछे से ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया है हाइड्रा चालक मुडपार से महकाकला की ओर जा रहा था। इस दौरान चालक ने पुनीत राम पटेल को चपेट में लिया। हादसे में सिर, सीना , सामने कमर के नीचे भाग , दोनो हाथ, पैर में गंभीर चोट आई। मौके पर ही पुनीत राम पटेल की मौत हो गई।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ | सीमित सीटे

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स

- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स

काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


## फर्जी दस्तावेज तैयार कर ट्रेनिंग में पहुंचे प्रशिक्षणार्थी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** फर्जी दस्तावेज तैयार पर सीआईएसएफ उतई में आरक्षक पद की भर्ती में आए युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3),340 (2) बीएनएस 23 के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम मनमोहन नगर पोस्ट खमरिया थाना रांझी जिला जबलपुर एमपी निवासी सन्नी कुमार और पिंडसरा, पोस्ट भारोल थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद यूपी विनय यादव का सीआईएसएफ उतई मे ट्रेनिंग के लिए पहुंचे थे। इस दौरान सीआईएसएफ आरटीसी उतई में दस्तावेजों का चेक किया गया। तभी विनय यादव नामक युवक स्वयं को सन्नी कुमार नाम से बताकर सारे फर्जी दस्तावेज तैयार कर सीआईएसएफ आरटीसी उतई में नियुक्ति आदेश, पहचान पत्र, अन्य आवश्यक दस्तावेज पेश किया। जांच करने व कड़ाई से पूछताछ करने पर विनय यादव ने सीआईएसएफ की जांच टीम को बताया कि सन्नी कुमार के सारे दस्तावेज विनय यादव ने नौकरी लगने को लेकर फर्जी दस्तावेज बनाया था। आरक्षक जीडी के पद का ट्रेनिंग लेने का प्रयास किया। आरटीसी में 85 वें बैच आरक्षक जीडी के पद पर नियुक्त के लिए प्रशिक्षणार्थियों द्वारा रिपोर्ट किया गया है। 18 जनवरी को रोल नं में सनी कुमार पुत्र नवीन कुमार के दस्तावेजों की जाँच के दौरान 2 प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति पाई गई।

### विधायक गजेंद्र यादव की पहल

# शीतला सब्जीमंडी का होगा उन्नयन, बाजार के चारों तरफ बनेंगी दुकानें, यहां अब पार्किंग एरिया भी मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

पद्मनाभपुर स्थित सब्जीमंडी में अब जलभराव की समस्या नहीं होगी, बारिश का पानी न ठहरे इसके लिये पसरा की हाईट बढ़ाकर आधुनिक ड्रेनेज़ सिस्टम बनेगा। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने रविवार मार्केट के व्यापारियों के साथ भूमिपूजन किये। कुछ माह पूर्व मॉर्निंग विजिट में मार्केट की समस्या सुनने पहुंचे थे, तब व्यापारियों मांग रखी थी। मार्केट में आने वाले ग्राहकों के लिए व्यवस्थित पार्किंग और व्यापार को बढ़ाने 19 नई दुकाने भी बनेगी।

शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार है विकास को लेकर चिंता की कोई बात नहीं। दुर्गवासियों की सभी मांगे पूरी हो रही है। शीतला सब्जी मंडी के व्यापारियों ने मार्केट में जलभराव की समस्या बताई थी, विभागीय अधिकारी और इंजिनियर से प्रस्ताव बनाकर भेजे जिस पर स्वीकृति मिलने के बाद आज भूमिपूजन किये।



यह विकास कार्य क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और स्थानीय व्यापारियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यब आपके द्वारा भाजपा सरकार पर भरोसा करने से ही संभव हुआ है।

### 19 दुकान के साथ ड्रेनेज़ सिस्टम

वार्ड 29 अंतर्गत माँ शीतला सब्जी मंडी में होने वाले उन्नय कार्य में बारिश का पानी न ठहरे इसके लिए आधुनिक ड्रेनेज़ सिस्टम बनेगा। बाजार के भीतर वर्तमान में पसरा के हाईट ऊंचाई को करीब ढाई फिट ऊपर किया जायेगा। 1करोड़ 73 लाख की राशि से होने वाले कार्य में बाजार के किनारे मंडी बोर्ड से 19 दुकान भी बनेंगे। बाजार आने वाले ग्राहकों के पार्किंग एरिया भी होगा। सब्जी मंडी के पास में ही रजिस्ट्री कार्यालय का नया भवन भी तैयार हो रहा है जिससे नये बनने वाले दुकानो से यहां का व्यापार भी बढ़ेगा। भूमिपूजन में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, उपाध्यक्ष विनायक नातू पार्षद शिवेंद्र परिहार, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू, गुड्डू यादव, जग्गी शर्मा, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, कमलेश फेकर, मनमोहन शर्मा, महेन्द्र लोढ़ा, कौशल साहू, साजन जोसफ, अशोक राठी, संतोष सोनी, श्रीराम फूटाने, देवनारायण तांडी, ममता देवांगन, अल्का बाघमार, जयश्री राजपूत, अतुल पहाड़े आदि उपस्थित थे।


हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

माह फरवरी 2025

जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 फरवरी से 28 फरवरी तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जनवरी 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार

द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)

तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर

चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV

सांत्वना पुरस्कार: 1100

नियम व शर्तें लागू

कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ________ मो.नं. ________

पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________

स्थान ________ जिला ________

एजेंसी का नाम ________

एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि | ग्राहक प्रति | जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ________ मो.नं. ________

पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________

स्थान ________ जिला ________

एजेंसी का नाम ________

एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

**खबर संक्षेप**

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**दुर्ग।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी के दिशा-निर्देश एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ भूमिका वर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विभागों में कोटपा चालानी कार्यवाही नियमित करने और सभी शैक्षणिक संस्थान तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने के लिये चर्चा की गई। इसी प्रकार सभी शासकीय संस्थाओं को भी तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाये जाने हेतु विभाग प्रमुखों को कोटपा एक्ट 2003 अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही करने हेतु चर्चा की गई। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, वन मंडलाधिकारी चन्द्रशेखर परदेशी, सहायक कलेक्टर एम भार्गव, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, सिविल सर्जन डॉ एचके साहू उपस्थित थे।

### मतदाता दिवस : जिला स्तरीय कार्यक्रम 25 को

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार 25 जनवरी को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बीआईटीके ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी से मिली जनकारी अनुसार मतदाता दिवस हेतु पंचवाक्य थीम नथिंग लाइक वोटिंग, आई वोट फार सर निर्धारित किया है। मतदाता दिवस का आयोजन समस्त मतदान केन्द्रों एवं तहसील मुख्यालयों में भी किया जाएगा।

### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** दुर्ग नगर विधानसभा में वार्ड 54 पोटियाकला दईहान के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 20 लाख रूपए स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी नगर पालिका निगम दुर्ग आयुक्त द्वारा की जाएगी।

# पीएम आवास : दो माह में मिले आठ सौ आवेदन, अब डोर टू डोर सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का शुभारंभ 15 नवंबर 2024 से किए जाने के बाद इन दो माह में आठ सौ आवेदन सामने आए हैं। इन आवेदनों को भारत सरकार के पोर्टल में एंट्री किए जाने का कार्य शुरू हो गया है। वहीं हितग्राहियों के आवेदन के अनुसार डोर टू डोर सर्वे भी किया जा रहा हैं।

जानकारी अनुसार आठ सौ आवेदनों में करीब 652 आवेदको की जानकारी भारत सरकार के पोर्टल में जानकारी एंट्री कर ली गए है। शेष बचे हुए हितग्राहियों का कार्य प्रगतिरत है, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में जिनके पास आवास नहीं है। उनके लिए एएचपी और किराए में मकान देने की भी स्कीम लाई गई हैं। इस योजना में हितग्राहियों द्वारा अभी भी आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय में लिया जा रहा हैं। केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 योजना लांच योजना में खास बात यह है कि, पूर्व में जहां 2015 के पहले निवासरत रहना जरूरी था, लेकिन इस नए स्कीम में 31 अगस्त 2024 के लोगों को दायरे में लिया जाएगा।

## केन्द्र और राज्य से साढ़े तीन लाख की सब्सिडी, आवेदनों पर होगा सर्वे

### इस तरह लागू होगें पात्रता

पीएम आवास योजना 2.0 के तहत देश में कहीं भी पक्का घर नहीं होना चाहिए। इसके लिए सरकार ने कुछ पात्रताएं तय की हैं। जिनमें ईडब्ल्यूएस परिवार की सालाना 3 लाख रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। एलआईजी परिवार की सालाना इनकम 3 लाख रुपए से 6 लाख रुपए तक के बीच होनी चाहिए, वहीं एमआईजी परिवार की सालाना इनकम 6 लाख रुपए से 9 लाख रुपए तक होनी चाहिए।



### जाति की अनिवार्यता हटाई गई

पीएम आवास के लिए पूर्व में जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य किया गया था। इसके चलते लोगों को तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पड रहा था। इस मामले को लेकर राज्य शासन ने जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को हटा दी है। जिसके बाद हितग्राही पूर्व निर्धारित दस्तावेज के आधार पर आवेदन कर सकेगें। पीएम दो में हर न सिर्फ फ्लैट बल्कि स्वतंत्र मकान भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें ईओडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी मकान हितग्राहियों के लिए उपलब्ध होगें।

### एंट्री चल रही

पीएम आवास योजना दो के लिए आए आवेदनों की एंट्री के बाद डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा हैं। आवेदन डाटा सेंटर स्थित पीएम आवास कार्यालय में जमा किया जा रहा हैं।
**-सुमीत अग्रवाल,** आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

## राहत : आठ साल से चार सौ मकान जर्जर, साठ करोड़ रूपए जाम

# जिले में बने हाउसिंग बोर्ड के 800 मकान 30% छूट के साथ बिकेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक में रविवार को लिए गए निर्णय के अनुसार हाउसिंग बोर्ड के मकान का इंतजार कर रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। बैठक में फैसला लिया गया कि, हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाए गए 5 साल से अधिक समय के पुराने मकान 10-30 फ़ीसदी छूट के साथ बिकेंगे। इस निर्णय के बाद हाउसिंग बोर्ड अब करीब 800 मकान को वन टाइम सेटलमेंट के तहत बचेगी।

जानकारी अनुसार हाउसिंग बोर्ड द्वारा आठ साल पहले बनाए गए मकान की अब तक बिक्री नही होने से करोडों रूपए का नुकसान हो रहा हैं। दुर्ग जिले के तालपुरी, चरोदा हाईट, परसदा कुम्हारी और खारून में बनाए गए करीब चार सौ से अधिक मकान खंडहर हो गए है। जिसके चलते बोर्ड का करीब साठ करोड रूपए जाम हो गया हैं। हाउसिंग बोर्ड द्वारा वर्ष 2017-18 में इन चारों इलाको में सैकडों मकान बनाए गए थे। वर्तमान में करीब चार सौ से अधिक मकान की बिक्री नही हो पाई हैं। हरिभूमि ने पडताल में पाया गया कि, लंबे समय से बिक्री नही होने के कारण मकान जर्जर हो चुकी है। यहां मकान की खिडकी के दरवाजे गायब हैं, वही चरोदा हाईट के कई मकानो में खतरनाक दरारे भी आ गई हैं। यही हालात तालपुरी के फ्लैट, परसदा और खारून में हैं। अधिकारियों ने बताया कि, राज्य शासन को आबंटित नही किए गए मकानों की जानकारी भेजी गई हैं। बताया गया कि, इन मकानों को वन टाइम सेटलमेंट के तहत सस्ते दर पर बिक्री किया जाएगा।

## आवंटन के बाद भी मकान लेने नहीं दिखा रहे हितग्राही रूचि

**खास बातें**

- रविवार को मंत्रिमंडल में लिए गए छूट देने का निर्णय
- जिले के शहरी इलाकों में बनाए गए 800 मकान बेचने की तैयारी
- नहीं बिकने से करोड़ों का नुकसान



### 3 से 28 लाख तक के मकान

जानकारी अनुसार तालपुरी में एमआईजी 28.74 लाख व ईडब्ल्यूएस 3.41 लाख के मकान, चरोदा में एलआईजी टू बीएचके 10.66 लाख से 11.68 लाख तक मकान और खारून हाईट्स में एलआईजी टू और थी बीएचके प्लैट 23.42 लाख से 33.67 लाख तक वही एमआईजी टू बीएचके प्लैट 20.73 से 26.46 लाख व परसदा कुम्हारी में चार लाख 55 हजार से लेकर 29 लाख तक स्वतंत्र और प्लैट बिक रहे है। यहां परसदा को छोड सभी जगह फ्लैट टाइप के मकान है।

### यहां जर्जर हो रहे इतने मकान

जानकारी अनुसार रिहायसी इलाको तालपुरी में 60 मकान जिसकी कीमत 19 करोड, चरोदा हाईट में 70 मकान जिसकी कीमत आठ करोड, परसदा कुम्हारी में 250 मकान जिसकी कीमत 23 करोड और खारून में 39 मकान जिसकी कीमत 10 करोड है। इनके बनने के बाद अब तक आबंटन नही हो पाया हैं। अफसरों का कहना है कि, आबंटन के बाद हितग्राही राशि जमा करने में रूचि नही दिखा रहे थे।

### मंत्रिमंडल में लिए गए यह निर्णय

रविवार को राज्य शासन के मंत्रिमंडल द्वारा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के द्वारा निर्मित 5 वर्ष से अधिक समय से नहीं बिके हुए आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों को (**One time settlement**) एकमुश्त निपटान हेतु लागत मूल्य (बेस रेट) से 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत तथा 30 प्रतिशत छूट देकर विक्रय करने का निर्णय लिया गया। हालांकि इसके पहले भी तलपुरी में बनाए गए मकानों को बेचने के लिए वन टाइम सेटलमेंट की स्कीम शुरू की गई थी। इस योजना का लाभ मार्च 2024 तक लागू था। बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ भी उठाया।

# विभागों से बायोमेट्रिक सिस्टम गायब, बेलगाम हुए कर्मचारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा अफसर और कर्मचारियों की उपस्थिति निश्चित किए जाने के लिए सभी विभागों में बायोमैट्रिक मशीन लगाने के निर्देश दिए है। लेकिन दुर्ग जिले के विभागों से बायोमैट्रिक मशीन ही गायब कर दिया गया, वही कई जगह खराब दीवारों की शोभा बढा रहे है।

- कलेक्टर के आदेश का पालन होता नहीं दिख रहा

दुर्ग कलेक्टोरेट में बायोमैट्रिक मशीन लगाया गया था। सालभर चलने के बाद इसे कलेक्टोरेट के सामने लोक सेवा केन्द्र के पास से हटा दिया गया हैं, वही भू अभिलेख में भी लगाए गए मशीन को खराब बताकर हटा दिया गया है। हरिभूमि ने नगरनिगम के डाटा सेंटर में देखी यहां भी मशीन खराब होकर दीवार में लटकी मिली। उद्योग विभाग में भी लगाए गए मशीन को हटा दिया गया हैं। यही हाल स्वास्थ्य विभाग में सीएमओ कार्यालय का है, यहां भी मशीन पहले लगा था, जिसे हटा दिया गया हैं। जिला अस्पताल में भी मशीन खराब हैं। निगम के अफसरां का कहना है कि, वर्तमान में निष्ठा एप से उपस्थिति ली जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी कलेक्टर रिचा प्रकाश द्वारा विभागों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाते रहे हैं। लेकिन इसका पालन विभागों में होता नहीं दिख रहा है। विभागों में अफसर के आने जाने की कोई टाइमिंग भी नहीं है। कई विभाग जिला कार्यालय से कोसों दूर होने के कारण इसकी मॉनीटरिंग भी नहीं होती है। ऐसे में फरियादियों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### सोमवार और शुक्रवार को रहना होगा अनिवार्य

विभागों में अफसर के गायब रहने की शिकायत आने के बाद कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी द्वारा सोमवार और शुक्रवार को विभागों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश अवसरों को दिए हैं। शनिवार और रविवार को सरकारी छुट्टी होने का फायदा उठाकर विभागों के कई अवसर शुक्रवार को ही गायब हो जाते हैं। यही कारण है कि, कलेक्टर ने सोमवार और शुक्रवार को विभाग में अनिवार्य रूप से उपस्थिति देने के निर्देश दिए हैं।

# रामभक्त गुहा निषादराज की जयंती मनाई, बाजे-गाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भगवान श्री रामचंद्र के सखा गुहा निषादराज की जयंती पर ग्राम कोटनी तथा मोहलई, नगपुरा,

- शोभायात्रा में महिला, बच्चे पुरुष हुए शामिल

परसदा पार, समोदा, केसरा, कोहका, चिरपोटी में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में आराध्य देव की पूजा अर्चना कर माताएं, बहनें, बच्चे द्वारा भव्य शोभा कलश यात्रा निकाली गई तथा गुहा निषादराज नत्था केंवट डोंगा बनाकर बाजे गाजे के साथ गांव में भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में निषाद समाज अध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद शामिल हुए । उन्होंने गुहा जयंती पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि समाजिक विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत करें। जीवन में समय का प्रबंध ऐसा करें कि आप हर कार्य में अपनी भागीदारी दे सकें। उन्होंने समाज के सभी महिला बुजुर्ग युवाओं को जागरूक होने की बात कही। युवा अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार निषाद ने समाज विकास के लिए सभी वर्गों को पंचायती चुनाव में जनपद जिला पंच सरपंच में राजनीति भागीदारी में आने को कहा। मलेश निषाद, खिलावन निषाद ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, उपाध्यक्ष हेमलता निषाद, धनवंती निषाद, सुमन निषाद, खिलावन निषाद,



ओमप्रकाश निषाद, मल्लेश निषाद, राम सिंह निषाद, मनोज निषाद, ललिता निषाद, सत्यभामा निषाद, शिव कुमार निषाद, धनीराम निषाद, पन्ना निषाद, शिव निषाद, कन्हैया निषाद, पारस निषाद, हेमलता निषाद, भुवनेश्वरी निषाद, निराशा निषाद, शांतनु निषाद, सुखराम निषाद सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए स्कूल में चलाया गया जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु जिले के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम धौराभांठा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में श्रीमती लोकमणी साहू एवं चन्द्र प्रकाश पटेल द्वारा ग्राम धौराभांठा के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को भिक्षावृत्ति, बाल विवाह रोकथाम, दत्तक ग्रहण, फास्टर केयर, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 भारतीय कानून के अनुसार बाल विवाह वह विवाह है जिसमें या तो महिला 18 वर्ष से कम आयु की हो या पुरुष 21 वर्ष से कम आयु का हो। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते हैं। जिन्हें विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णतः समाप्तकर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। बाल विवाह की सूचना व जानकारी प्राप्त होने पर 1098 चाईल्ड हेल्प लाईन में संपर्क किया जा सकता है।

# शासन की आठ योजनाओं से जुड़ेंगे पीएम स्वनिधि के लाभार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कलेक्टर व निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री स्वनिधि

- परिवार की सोशल प्रोफाइलिंग किया जाएगा

योजना के तहत ऋण लेने वाले सभी हितग्राहियों को स्वनिधि से समृद्धि योजना से लिंक किया जा रहा है। पीएम स्वनिधि के लाभार्थी और उनका परिवार भारत सरकार की इन 8 योजनाओं से जुड़ सकता है।

पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम जन धन योजना, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, बीओसीडब्लू के तहत पंजीकरण,



जननी सुरक्षा योजना एवं पीएम मातृ वंदना योजना शामिल है। शहरी पथ विक्रेता जिन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 या 20 हज़ार अथवा 50 हज़ार का लोन लिया है। इस योजना के माध्यम से उनके पूरे परिवार की सोशल प्रोफाइलिंग किया जाना है। स्वनिधि से समृद्धि योजना के माध्यम से शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं आवास योजना, उज्वला योजना, जनधन खाता, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य, योजनाश्रम, योगी मानधन योजना, निराश्रित पेंशन सहायता योजना आदि विभिन्न योजनाओं में पात्र पथ विक्रेताओं को सोशल प्रोफाइलिंग कर लाभान्वित किया जाना है। स्वनिधि से समृद्धि आई जीवन में उजियाला लाई। रेहड़ी पटरी वालों को मिली स्वनिधि से समृद्धि परिवार के खुशियों में हो रही वृद्धि। इस योजना के तहत पथ विक्रेता अपने परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड लेकर नगर निगम के डाटा सेंटर में अपनी सोशल प्रोफाइलिंग करा सकते हैं तथा योजनाओ का लाभ ले सकते हैं।

### विभागीय परीक्षा 27 जनवरी से 3 फरवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन गृह सी विभाग विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा 27 जनवरी से 03 फरवरी तक विभागीय परीक्षा आयोजित करने का कार्यक्रम घोषित किया गया है। दुर्ग संभाग में विभागीय परीक्षा हेतु भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी दुर्ग को परीक्षा केन्द्र नामांकित किया गया है। संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने बीआईटी के प्राचार्य को पत्र जारी कर इस वर्ष भी विभागीय परीक्षा संचालन हेतु 27 जनवरी से 03 फरवरी तक की अवधि के लिए आवश्यकतानुसार 4 कक्ष आरक्षित कर परीक्षार्थियों की बैठक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था करने कहा है। साथ ही की गई व्यवस्था के संबंध में कार्यालय आयुक्त दुर्ग संभाग को सूचित करने कहा है।

## लॉटरी निकाल कर किया गया आवास का आवंटन

# 28 पात्र हितग्राहियों को मिला अपना मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कलेक्टर व निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के दिशा निर्देश पर 28 पात्र हितग्राहियों

- निगम के डेटा सेंटर में निकाली गई लाटरी

को योजना के नोडल एवं कार्यपालन अधिकारी दिनेश नेताम द्वारा लॉटरी निकालकर आवास आबंटन किया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से कई परिवारों की जिंदगी बदल रही है।

केंद्र और राज्य सरकार की मंशानुरूप समाज के हर नागरिक



तक महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है, जिससे समाज के हर वर्ग का समुचित विकास हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना से अब हर व्यक्ति का पक्के आवास का सपना साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र 28 हितग्राहियो की लॉटरी निकाल कर मकान आवंटन किया गया। नगर निगम दुर्ग के डाटा सेंटर कार्यालय परिसर में खुली लाटरी पद्धति से आवासों को आबंटित किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान मोर आस हेतु आवेदन किए गए थे। प्राप्त जमा राशि अनुसार हितग्राही जिसमें गणपति विहार, सरस्वती नगर, गोकुल नगर पुलगांव तथा मां कर्मा बोरसी हेतु कुल 28 हितग्राहियों के लिए लॉटरी के माध्यम से भूतल, प्रथम तल तथा द्वितीय तल के आवासों का आवंटन किया गया। जिसमें गोकुल नगर पुलगांव हेतु 10 हितग्राही, सरस्वती नगर हेतु 2, गणपति विहार हेतु 12 तथा माँ कर्मा हेतु तीन हितग्राहियों को लॉटरी निकाल कर मकान आवंटित किया गया। लॉटरी की इस प्रक्रिया में प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी दिनेश कुमार नेताम, सीआईटीसी एक्सपर्ट सचिन, दीपक संचेती, प्रितेश वर्मा, रुक्मणी राजपूत, भीम सिंह तथा रामदास उपस्थित थे।

# छात्र स्वामी विवेकानंद के विचारों का करें अनुसरण : अग्रवाल

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ डीसी अग्रवाल द्वारा विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित कर की गई। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी को छोटी सी उम्र में ही आध्यात्म के प्रति विशेष लगाव था। पुस्तकों में उन्हें विशेष रूचि थी। उनकी स्मरण शक्ति तीव्र थी। उन्होंने छात्राओं को उनका अनुशरण करने के लिए प्रेरित किया। अतिथि वक्ता आरती मिश्रा, डॉ0 सुषमा यादव, चंचल यादव, ममता महानंद, यशस्वी और सुष्मिता ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ आरती सिंह राठौर व आभार प्रदर्शन डॉ यशेश्वरी ध्रुव ने किया। इस अवसर पर डॉ मुक्ता बाखला, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ मोनिया राकेश सिंह उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### निर्धन कन्याओं के विवाह के लिए सरकार कर रही प्रयास



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित पाटन परियोजना के अंतर्गत निर्धन बालक-बालिकाओं को निःशुल्क विवाह कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा के हर प्रसाद आडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए सरकार का विशेष प्रयास है। इसमें विवाह के दिनों-दिन बढ़ते खर्च से अभिभावकों को राहत मिले इसके लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए 38 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस साल 7600 कन्याओं के विवाह का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा सहायता राशि 50 हजार रूपए दी जाती है। योजना के तहत 21 हजार रूपये तक की आर्थिक सहायता सामग्री के रूप में, 21 हजार रूपये का बैंक ड्राफ्ट तथा सामूहिक विवाह आयोजन व्यवस्था पर अधिकतम 8 हजार रूपये तक व्यय किया जाता है।

### सफाई अभियान चलाकर दिया गया संदेश



**पाटन।** पाटन नगर पंचायत में जब से नया सीएमओ आया है तब से पूरे 15 वार्ड में साफ-सफाई पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा ने खुद हनुमान तलबल एवं सरोवर में साफ सफाई में हाथ बटाने खुद भिड़ गए और कहा ये तो मेरा कर्तव्य है। सौभाग्य मिला है कि पाटन नगर को स्वच्छ बनाना मेरा काम है और धरोवर का दिया सन्देश। सफाई प्रभारी जलज पाण्डे ने पूरे टीम को लेकर दिनरात मेहनत में जुटे हुए हैं।

### चुनकट्टा में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**सेलूद।** ग्राम चुनकट्टा में न्यू ज्योति क्रिकेट क्लब के सहयोग से टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 19 जनवरी से हो रहा है। फाइनल मैच 26 जनवरी को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 33 टीम सम्मिलित होगी। टूर्नामेंट शुभारंभ के मुख्य अतिथि भूषण सोनवानी सरपंच ग्राम पंचायत चुनकट्टा एवं विशिष्ट अतिथि दिव्या कलिहारी जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा व उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 12001, द्वितीय पुरस्कार 7001, तृतीय पुरस्कार 5001 व चतुर्थ पुरस्कार 3001 रखा गया है।

## निधन

### कारी वामाक्षी



**भिलाई।** खुर्सीपार निवासी कारी वामाक्षी उम्र 78 वर्ष का निधन 19 जनवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान तरंगनी नगर खुर्सीपार भिलाई से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कंबाला रायुडू पेटा सौदरा समिति के कार्यकारिणी सदस्य कारी राजू और कारी शंकर की मां व कारी लक्ष्मण राव की भाभी थीं।

### केएम लक्ष्मी



**भिलाई।** सेक्टर 5 सड़क 12 क्वार्टर 2 ए निवासी के एम लक्ष्मी उम्र 78 वर्ष का निधन को हो गया है । सेवानिवृत्त बीएसपी कमी स्व. कल्याण रमन की पत्नी ल के वीणा सिंह, के विजय तथा के विनोद की मां तथा जुगल किशोर सिंह की सास थी। उनकी अंतिम यात्रा हाउस नं. 65/19 सड़क 30 इस्पात नगर रिसाली से दोपहर 12 बजे रिसाली मुक्ति धाम के लिए निकलेगी।

## 54 लाख 70 हज़ार रूपए के विकास कार्यों की दी सौगात

# कोकड़ी, चिरपोटी व करगाडीह में रखी नवीन विकास कार्यों की नींव

हरिभूमि न्यूज ▸▸। उतई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकड़ी, चिरपोटी व करगाडीह में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माण कार्य लागत राशि 8 लाख एवं कृष्णा निर्मलकर के घर से सुख निर्मलकर के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत राशि 6 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य प्रहलाद निषाद घर से सेतु साहू घर तक 8 लाख रूपये, सीसी रोड निर्माण कार्य स्कूल के पीछे से सुखरी पहुंच मार्ग तक 6 लाख रूपये, सेड निर्माण कार्य प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में 10 लाख रूपये डोम सेड निर्माण कार्य कला मंच में 3.20 लाख रूपये, आबादी पर में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य 4 लाख रूपये, वार्ड नंबर 2 में सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य आबादी पर 6.10 लाख रूपये,

**भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित**



सीसी रोड निर्माण कार्य भान बघेल घर से सुखचंद यादव घर तक 7.40 लाख रूपये का भूमिपूजन किया। विकास कार्यों की आधारशिला रखते हुए क्षेत्रवासियों को इन सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो, यही शुभकामनाएं दी गई।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य सामने रखा है। इसी के अनुरूप हम भी विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ा रहे है। पिछले एक साल में हमारी विष्णु देव साय सरकार ने मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा किया है।

श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी आवासहीन पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। हमने सरकार के शपथ ग्रहण के दूसरे दिन प्रदेश के आवासहीनों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के लिए 3 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना की घोषणा की है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, जनपद पंचायत सदस्य राकेश हिरवानी, उतई भाजपा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, बूथ अध्यक्ष लोचन प्रसाद साहू, सरपंच परमिला रोशन साहू, सरपंच गोवर्धन बारले, सरपंच पोषण लाल साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष फलेंद्र राजपूत, जनभागीदारी अध्यक्ष प्रवीण यदु, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, लक्ष्मीनारायण साहू, हूबी लाल चंद्राकर, तेजराम साहू, गोपाल ठाकुर, ईश्वर साहू, रोहित साहू, विक्की शर्मा, विदेशी साहू, रामसिंग चंद्राकर, फलास चंद्राकर, नीलम मारकंडे, टीकाराम राम यादव, धनश्याम साहू, बाबू लाल निषाद एवं पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आत्मकल्याण के भाव के लिए किया बहुमान



**जामगांव आर।** नश्वर संसार के रास रंग से हटते हुए आत्मकल्याण का भाव लेकर जैन साध्वियों के साथ सतत विचरण करने वाले बड़ोदरा निवासी स्वीटी संचेती और इनके बेटे हर्ष संचेती मात्र 14 वर्ष का जामगांव आर जैन श्री संघ ने जैन भवन में बहुमान किया। विदित हो कि हर्ष संचेती के बड़े भाई ने 6 माह पूर्व सूरत में खतरगच्छदीपति आचार्य जिनमणिप्रभ सुरीश्वर से दीक्षा ग्रहण किए। शासन में एक युवा मुनि संत पूज्य मधुरप्रभ श्रीजी के रूप में जिन शासन को वृद्धिगत क्रम में मिले। जैन श्री संघ जामगांव आर नश्वर संसार को ज्ञानी भगवंतो के सानिध्य में आकर आत्मकल्याण के इन पथिकों का वंदन अभिनन्दन करता है। जैन श्री संघ अध्यक्ष चंद्र कैलाश बैंद ने बताया कि फलोदी राजस्थान के मूल निवासी हंसराज पुष्पा देवी संचेती के पुत्र नीरज संचेती का परिवार पत्नी और दोनों पुत्रों का संयम जीवन सार है बाकी सब बेकार है का भाव, भव सागर में गोता लगा रहे हैं। लोगो के लिए प्रेरणा दाई है। समाज के वरिष्ठ गोवर्धन कोचर भारती कोचर मनीष जैन प्रेमचंद सुनीता चौरड़िया चंद्रकैलाश ममता बैद, आसकरण, निर्मला गोलछा ने स्वागत किया।

- जामगांव आर जैन श्री संघ ने संयम पथ के राही मां बेटे का किया स्वागत

## नाराजगी: आज धमधा सहित कई सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी कार्य हो सकता है बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸। धमधा

- प्रबंधक, हमाल और कर्मचारियों ने किया लामबंद

धमधा ब्लॉक के सभी सेवा सहकारी समितियों में से धमधा, देवरी, राहटादाह, ठेंगाभाठ, बरहापुर में धान खरीदी बंद रहेगा। मामला धान खरीदी केंद्र धमधा में हुए प्रबंधक से गाली गलौज और पैसे की मांग को लेकर है।

जिसमें कथा कथित अपने आप को पत्रकार कहने वाले व्यक्ति के आए दिन पैसे की मांग एवं गाली गलौज से प्रबंधक एवं हमला लोगों के ऊपर पैसा लेने का झूठा आरोप लगाकर झूठा समाचार देने एवं भ्रामक जानकारी फैलाकर प्रबंधक एवं हमाल भाइयों की छवि को धूमिल करने सहित सभी समितियों में आए दिन कुछ ना कुछ कमी वैसी निकाल कर पैसे की मांग पर तंग करने से आहत होकर यह निर्णय लिया गया है।



जिसकी शिकायत बीते कई दिनों से समिति के प्रबंधक ने तहसीलदार धमधा, अनुविभागीय अधिकारी धमधा, थाना प्रभारी धमधा किया गया जिस पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई थी।

सभी प्रबंधक एवं कर्मचारियों द्वारा सुबह अपने उच्च अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस बात की जानकारी एवं शिकायत पर कार्यवाही की मांग करेंगे और इस मामले पर कार्यवाही नहीं हुई तो उच्च स्तर पर शासन-प्रशासन और देश के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले निष्पक्ष पत्रकार संघ को इस मामले से अवगत कराएंगे।

**कार्रवाई होना आवश्यक है**

" देश के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले सम्मानित पत्रकार भाइयों को ऐसे कुछ लोग जगह-जगह पैसा मांग कर और पत्रकार हैं का धौंस दिखाकर पत्रकार जगत की छवि को धूमिल कर रहे हैं जिस पर कार्यवाही होना आवश्यक है।

**बृजेंद्र दानी**, वकील

**उचित कार्रवाई की जाएगी**

" इस संबंध में जानकारी प्राप्त हुई हैं। संबंधित विभाग को जानकारी दी गई है उचित कार्यवाही की जाएगी।

**तार सिंह खरे**, तहसीलदार

## श्रीराम कथा आदर्श पथ पर चलने की देती है प्रेरणा

**निकुम।** समस्त ग्रामवासी गब्दी के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय मानस मंथन, गायन प्रतियोंगिता में रामनाम भक्ति की गंगा अविरल बह रही है। इस छत्तीसगढ़ की मंडली को सस्वर, मनमोहक भजन संगीत के साथ रामनाम मानस मंथन को सुनने गब्दी सहित अंचल के ग्रामीण पहुंचकर प्रभु श्रीराम आंनदकंद भगवान की जीवन चरित्र को सुनकर भावविभोर हो गये। वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विधायक कुंवरसिंह निषाद, पूर्व विधायक बीरेन्द्र साहू सहित कई जनप्रतिनिधि आयोजन में सम्मिलित हो रहे है। वहीं इस अवसर पर ग्राम गब्दी की महिला सरपंच संतोषी सिन्हा ने कहा कि श्रीराम कथा आदर्श पथ चलने की प्रेरणा देती है। भगवान श्रीराम का चरित्र जहां एक ओर परिवारिक रिश्तो की



अहमियत को दर्शाता है, जहां श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम तो मां सीता के पवित्रता को दर्शायी गयी है। रामायण के हर चरित्र से बहुत शिक्षा प्राप्त होती है। तीन दिनो में 24 मंडली को मनमोहक प्रस्तुति हो रही है। जिसमें पीआर खुराशु, नरेन्द्र देवांगन, केआर सिन्हा, शिवप्रसाद भुआर्य, संतोष सिन्हा, मिश्रीलाल सिन्हा, राजेश सिन्हा, रोशन सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## पाटन में घर-घर पहुंच रही सीएम साय की पाती



**पाटन।** प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पाती में बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो, कोई परिवार बेघर न रहे। इस सोच को साकार करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन तेजी से किया जा रहा है जिसके तहत कच्चे मकान में निवासरत परिवार जो आर्थिक परेशानी एवं धनाभाव के कारण पक्का मकान नहीं बना सकते। उन्हें आवास योजना घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत पक्का मकान निर्माण करने हेतु राशि दी जा रही है, नगर पंचायत पाटन क्षेत्रान्तर्गत मोर जमीन मोर मकान के तहत अब तक 1592 स्वीकृत आवासों में 1588 आवास पूर्ण हो चुके हैं शेष 4 आवास प्रगतिरत है मुख्यमंत्री साय ने लाभार्थियों को विष्णु की पाती नाम से शुभकामना संदेश पत्र दिया है। उन्होंने अपने संदेश में आवास योजना के लाभार्थियों को पक्का आवास का सपना साकार होने पर बधाई दी। बता दे की नगर पंचायत पाटन क्षेत्र में आवास योजना के तहत लाभान्वित लगभग 1500 से ज्यादा को विष्णु की पाती भेजी जा रही है जिसमें से 1300 पाती अब तक डाक के माध्यम से लाभार्थियों के घर पहुंचाने के लिए डाकघर में जमा कर दिया गया है। कुछ लाभार्थियों को घर-घर जाकर विष्णु की पाती दी जा रही है।

## बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद



**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अंचल की खबरें

### पीएम सूर्यघर योजना संचालन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम



**कुम्हारी।** शासन के निर्देश के परिपालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद कुम्हारी के सभागार में भारत सरकार की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के संचालन के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वेंडर द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें योजना के लाभ, पात्रता मापदंड और आवेदन प्रक्रिया शामिल थीं। इस योजना का उद्देश्य घरों पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना और लोगों को अपने घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस योजना के तहत, सरकार घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए सब्सिडी भी प्रदान करेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संजय आईच सहायक राजस्व निरीक्षक, गौरव केशरवानी एवं अन्य राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

### परमात्मा बिना मांगे भक्तों को सब कुछ देता है: पं. वेदप्रकाश



**अंडा।** ग्राम डौकीडीह के चन्द्राकर परिवार में स्व. कमलेश्वरी और स्व. पुष्पालता चन्द्राकर की पुण्यतिथि में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक आचार्य पं. वेदप्रकाश पांडेय ने बताया कि परमात्मा बिना मांगे ही भक्तों को सब कुछ देता है। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि परमात्मा की शक्ति मनुष्य को सांसारिक मोह से मुक्त करने वाली है। मित्रता कैसे निभाई जाए, यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से सीखें। कथाव्यास ने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए श्रद्धालुओं को जीवन जीने के तरीके बताए। भागवत को जीवन में उतारने की अपील की। आचार्य ने गौ सेवा करने पर जोर दिया। अंत में कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने का वर्णन किया। महाआरती के बाद भोग वितरण किया गया।

### अहिल्या बाई का जन्म त्रिशताब्दी वर्ष मनाया



**कुम्हारी।** सरस्वती शिशु मंदिर और जीसीसी सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में लोक माता देवी अहिल्या बाई होलकर का त्रिशताब्दी जन्मवर्ष मनाया गया। साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर में भारतीय भाषा दिवस, स्वामी विवेकानंद जन्मजयंती उत्सव एवं शाला वार्षिकोत्सव मनाया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा अलग-अलग राज्यों के लोक नृत्य प्रस्तुत किए। भाषा दिवस के अवसर पर मुख्य वक्ता शशांक शर्मा ने कहा कि भारतीय कला एवं भाषा को आने वाली पीढी तक ले जाना हम सभी का दायित्व है। हमें कम से कम दो भारतीय भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए। इस क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर भी हैं। लोकमाता देवी अहिल्या बाई जी होलकर पर मुख्य वक्ता शताब्दी सुबोध पांडे ने उनके जीवन संघर्ष एवं मातृभूमि के प्रति समर्पण की गौरव गाथा सुनाई। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने अहिल्याबाई होल्कर के रूपांतरित नाट्य का मंचन किया। इसके उपरांत स्वामी विवेकानंद का जन्म महोत्सव मनाया गया। वक्ता आचार्य परमानंद ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने भारत भूमि के वर्चस्व को देश-विदेश में आलोकित किया। छात्रों ने स्वामी विवेकानंद जी का वेष धारण कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । अंत में विद्यालय का वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिसोदिया थे एवं अध्यक्षता संजय पांडे ने की। विशिष्ट अतिथि दीपक सनोडिया, हरिदास वैष्णव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन राजकुमार शुक्ला ने किया। समिति के राम बिहारी मिश्रा, निश्चय वाजपेयी जीसीसी सेंटर के प्रमुख गीतेश्वर साहू, प्राचार्य मनीषा साहू एवम नगर के सम्मनीय नागरिक विद्यालय के छात्र, जीसीसी के छात्र सम्मिलित रहे । कार्यक्रम का संचालन जागेश्वरी देवांगन ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के व्यवस्थापक अवधेश दुबे ने आगंतुक अतिथि, सम्मानित नागरिकगण का एवं कार्यक्रम की अलग-अलग व्यवस्था में लगे हुए, आचार्य दीदियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम की समापन की घोषणा की ।

### पाटन में कुणाल कर रहे अध्यक्ष की दावेदारी



**पाटन।** नगर पंचायत पाटन का अध्यक्ष पद अनारक्षित मुक्त होते ही जहां एक ओर अनेक दावेदारों ने अपने आपको अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वहीं पाटन नगर में एक ऐसे युवा चेहरे का नाम उभर कर जनता के सामने आया है जिसे आम जनता अपने नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में देख रही है। वर्तमान भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष कुणाल शर्मा के लिए पूरे नगर में एक चर्चा का माहौल बना हुआ है हर जुबान पर कुणाल शर्मा के पार्टी के प्रति लगन और निष्ठा, सेवा भावना और मंडल अध्यक्ष के सफल कार्यकाल की चर्चा सुनने मिल रही है। भाजपा संगठन में कुणाल शर्मा के उल्लेखनीय कार्यों के चलते आज पूरे नगर में काफी तेजी से लोकप्रिय हुआ उसी का परिणाम है कि उनके नाम की चर्चा प्रबलता से चल रही है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

## खबर संक्षेप

### लेज़र शो व सुदेश भोंसले नाइट 23 को

**भिलाई।** सेल के निर्माण काल की गौरव गाथा को दर्शाने के लिए बीएसपी द्वारा 23 जनवरी को रायल क्रिस्टल गार्डन भिलाई क्लब में शाम 7 बजे से लेजर शो और पार्श्व गायक सुदेश भोंसले नाईट का आयोजन किया जा रहा है। सुदेश हिंदी,मराठी और फिल्मी गानों की प्रस्तुति देंगे।

### महाराणा प्रताप गार्डन में बोरवेल लगा



**भिलाई।** महाराणा प्रताप गार्डन नेहरूनगर (पश्चिम) में समिति के सदस्यों द्वारा स्वयं के व्यय से निर्मित ट्यूबवेल/बोरवेल स्थापित कराया। सदस्यों के मुताबिक यह गार्डन भिलाई नगर निगम क्षेत्र के लिए आकर्षक होगा। राजीव पान्डेय हाल में गार्डन निरीक्षण किया था। उमेश चितलान्गिया, वीरेंद्र नाथ पाण्डेय, अशोक वेद्यै, सुषमा झाम, एस सी महेंद्रू ,राम निवास अग्रवाल, गीता गुप्ता, साहा, ओपी यादव आदि उपस्थित थे।

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में आज से बिजली आपूर्ति बाधित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना के तहतएचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैंः- 20 जनवरी को सेक्टर-4, 21 जनवरी 2025 को मरोदा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 22 जनवरी को से.-6 का एक तिहाई हिस्सा, रशियन कॉम्प्लेक्स व बीएमडीसी, 23 जनवरी को खुर्सीपार जोन-2 व 3 तथा 25 जनवरी को कैम्प-1 व खुर्सीपार जोन-1।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर में ग्रामीण लाभान्वित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) एवं जिला चिकित्सालय, दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम धरमपुरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (बीएसपी) से डां. एम सरस्वती, फार्मासिस्ट सुसन जैकब व प्रभा सैमुअल एवं पंजीयन हेतु श्री शंभू दयाल व जिला चिकित्सालय दुर्ग की ओर से ललिता यादव उपस्थित थी। 84 लोगों की सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच करने के साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

# ठंड कम होते ही मैत्रीबाग में बढ़ी रौनक, पिकनिक मनाने पहुंचे स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ठंडी में थोड़ी कमी आते ही मैत्रीबाग में रौनक बढ़ गई है। भिलाई दुर्ग के अलावा आसपास से भी लोग खुशनुमा मौसम में प्रकृति का लुत्फ उठाने यहां पहुंच रहे हैं। सैरसपाटे के साथ लोग परिजनों और फ्रैंड्स के साथ प्रकृति और वन्य प्राणियों का लुत्फ उठा रहे हैं।

पिछले तीन चार दिनों से ठंडी में हल्की गिरावट आई है। सर्द हवा के थम जाने और गुनगुनी धूप से मौसम खुशगवार हो गया है। ट्विनसिटी के साथ पाटन, उतई, बेमेतरा आदि के अलावा धमतरी और बालोद आदि से लोग मैत्रीबाग भ्रमण के लिए आ रहे हैं।

## पर्यटकों ने वन्य प्राणियों के दीदार के साथ बोटिंग का उठाया रोमांच





### आकर्षक वन्यप्राणियों की सेल्फी

पिकनिक मनाने पहुंची नन्हे मुन्नों की टीम आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। भिलाई दुर्ग के अलावा बाहर से भी स्कूली बच्चों की टीम अपनी शिक्षिकाओं के साथ मैत्रीबाग पहुंची थी। बच्चे चिड़ियाघर में शेर, भालू, मोर व क्रोकोडायल आदि वन्य प्राणियों के रोमांच के साथ क्रिकेट व फुटबाल का भी मजा ले रहे थे। उन्होंने झूलों, फिसलपट्टी और आदि गेम का भी लुत्फ उठाया। कई बच्चे पहली बार मैत्रीबाग आए थे। धमतरी स्कूल के बच्चों को लेकर पहुंची शिक्षिका दीपिका व शिक्षक रमेश पाल ने बताया कि पहली बार स्कूल के बच्चे यहां वन्य प्राणियों को देखकर बहुत खुश है।

आज रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण चिड़ियाघर खासी भीड़ दिखी। परिवार, फ्रेंड्स के साथ पहुंचे लोगों ने खूब इंजाय किया।

लोग समूहों में खाने पीने के सामान,म्यूजिक सिस्टम और खेल के सामानों के साथ पहुंचे थे। यंग्सटर,महिलाएं और बच्चे अधिक थे। जू में जानवरों और पक्षियों के दीदार के साथ लोग मोबाईल से सेल्फी भी ले रहे थे। सबसे ज्यादा रोमांच झील में बोटिंग को लेकर था। यंग्स्टर झील में लाइफ सुरक्षा जैकेट पहने बोटिंग का लुत्फ उठार रहे थे। वहीं उद्यानवाटिकाओं में लोग लजीत खाने पीने के साथ म्यूजिक सिस्टम में नाच का रहे थे।

## वेतन आयोग गठन के लिए यूनियन का दबाव

# पीएसयू के अफसरों की तर्ज पर सरकारी कंपनियों के कर्मचारियों में बढ़ी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन के घोषणा के बाद , पब्लिक सेक्टर मे कार्यरत कर्मियों मे भी पहली बार वेतन आयोग/पे रीविजन गठित होने की संभावना बढ़ गया है । 1997 से पब्लिक सेक्टर में कार्यरत अधिकारियों के लिए केंद्र सरकार ने पे रीविजन कमेटी गठित करती है । अभी तक पब्लिक सेक्टर के अधिकारियों के लिए तीन पे रीविजन कमेटी गठित कर चुकी है । इसके लिए यूनियनें दबाव बनाएंगी।

उल्लेखनीय है वर्तमान में, सेल सहित सभी पब्लिक सेक्टर में कार्यरत गैर कार्यपालक कर्मचारियो के वेतन भत्ते के निर्धारण के लिए अलग अलग संयुक्त कमेटी गठित है। जैसे सेल के लिए एनजेसीएस, कोयला के लिए जेबीसीसीआई, एनटीपीसी के जेसीसी, नालको के लिए एनजेसी आदि कमेटियों के द्वारा उसके कर्मचारियों के वेतन भत्ते का निर्धारण होता है ।बीएकेएस के मुताबिक इस प्रक्रिया में सभी पब्लिक सेक्टर प्रबंधन द्वारा वहाँ के यूनियन प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की जाती है तथा मोलभाव के बाद वेतन में वृद्धि पर सहमति होती है। वही सभी पब्लिक सेक्टर में सक्रिय यूनियने , वहाँ के प्रबंधन पर दवाब डालने के लिए हड़ताल, धरना/प्रदर्शन, टूल डाउन, बंद आदि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का सहारा लेती है । इससे कंपनी के उत्पादन तथा औद्योगिक संबंध पर बुरा प्रभाव पड़ता है ।

## बीएकेएस ने की मांग, डीपीई से मिला आश्वासन

**कुछ प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियाँ तथा कार्यरत कर्मचारियो की संख्या**

| | |
|---|---|
| कोल इंडिया | -2 लाख 30 हजार |
| सेल | - 44500 |
| बीएसएनएल | - 48000 |
| एफसीआई | - 38000 |
| तेल कंपनी | - 34200 |
| खनन कंपनी | -18300 |
| आरआईएनएल | -13000 |
| उर्वरक कंपनी | - 4500 |
| भारी उद्योग | - 22000 |



### वेतन आयोग के लाभ

- हड़ताल, धरना, प्रदर्शन , बंद आदि घटनाओं में भारी कमी
- तय समय पर एक समान वेतन वृद्धि
- स्पष्ट गाइडलाइन के कारण प्रबंधन , गलत वेज रीविजन नही लागू कर पायेगी
- सभी पीएसयू मे अलग अलग मीटिंग के नाम पर होटलो का खर्च, टीए डीए का बील के खर्च में भारी कमी होगी

### डीपीई से मिला आश्वासन

“ सेल सहित अन्य पीएसयु मे कार्यरत सभी अधिकारियो के लिए अभी तक तीन तीन वेतन आयोग गठित किया जा चुका है । इसके आधार पर सभी पीएसयु के अधिकारियो को आराम से 15% एमजीबी , 35% पर्क्स तथा 5% पीआरपी का लाभ मिल जाता है ।

**नवीन ध्रुव,** उपमहासचिव, बीएकेएस

# रेलवे जीएम पहुंचे भिलाई तीन रेलवे स्टेशन, लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बिलासपुर रेलवे जीएम तरुण प्रकाश भिलाई-3 रेलवे स्टेशन पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान सिरसा गेट अण्डरब्रिज की नई सड़क के उखड़ने को लेकर पूछे गए सवाल पर वे चौंक पड़े। अण्डरब्रिज की सड़क का मुआयना करने अधिकारियों को इशारा किया। वहीं कुछ चुनिंदा एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज की स्थानीय मांग पर जोन जीएम का जवाब टालमटोल रहा। जीएम तरुण प्रकाश रविवार की सुबह विशेष सेलून से भिलाई-3 स्टेशन पहुंचे। स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 से वे प्लेटफार्म नंबर 1 पर आकर उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हुए विकास कार्यों का अवलोकन किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने जीएम को सबसे पहले स्टेशन के विकास का नक्शा दिखाया। फिर उन्होंने महिला व सामान्य यात्री प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, पेयजल व प्रसाधन सुविधा सहित स्टेशन के बाहर पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। टूटी हुई कुर्सी को देख उन्होंने नाराजगी जताई। 23 दिनों तक बंद रखकर सिरसा गेट अण्डरब्रिज में बनाई गई नई सड़क के पखवाड़े भर में उखड़ने के सवाल पर जीएम तरुण प्रकाश चौंक पड़े। उन्होंने इशारे ही इशारों में अधिकारियों को अण्डरब्रिज की सड़क का मुआयना करने का निर्देश दिया।

### संगठन प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन

इस अवसर पर प्रगतिशील रेल कल्याण एवं विकास समिति के अध्यक्ष अब्दुल सत्तार ने दुर्ग से शुरू होने वाली कुछ प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों को भिलाई-3 में स्टापेज देने की मांग की। अधिवक्ता संघ पुरानी भिलाई के अध्यक्ष रमेश सिंह ने जीएम को बताया कि यहां व्यवहार न्यायालय है। निकट भविष्य में एडीजे कोर्ट व कुटुम्ब न्यायालय खुलने वाली है। इसके चलते बाहर से आने वाले पक्षकारों की सुविधा के लिए कुछ चुनिंदा एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज दिया जाना चाहिए। उन्होंने स्टेशन आने जाने वालों की सुविधा के लिहाज से फोरलेन सड़क पर चौक निर्माण के लिए पहल करने का आग्रह जीएम से किया। स्टेशन नवनिर्माण के बाद 1888 से हुए प्रगति को प्रदर्शित करने टिकट काउंटर के पास लगाए गए बोर्ड में जंक्शन का उल्लेख नहीं किए जाने की ओर रेलवे जोन जीएम का ध्यानाकर्षण कराया।

### प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर बताई समस्या



**भिलाई।** प्रदेश सचिव असंगठित ठेका मजदूर कांग्रेस व पूर्व पार्षद राम सूर्यवंशी प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात किया। इस दौरान अपने समस्याओं को लेकर चर्चा किया। प्रदेश अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि पूर्व पार्षद के द्वारा बताए गए समस्याओं को जल्द सुलझाया जाएगा। वार्ड में विकास कार्यो को लेकर भी अपनी बातों को राम ने रखा है। राम सूर्यवंशी ने बताया कि वार्ड में कई विकास कार्य होने वाली समस्याओं को लेकर अवगत कराया गया है।

## मैथिल ब्राह्मण महिला समाज का मकर संक्रांति मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



मैथिल ब्राह्मण महिला समाज भिलाई द्वारा मैत्रीबाग में मकर संक्रांति मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर्षोल्लास के माहौल में इस सामाजिक समागम में सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ सभी ने एक दूसरे को संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं ने गीत, संगीत के साथ अंतारक्षरी आदि गेम्स का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से सामाजिक समरसता को प्रगाढ़ और समाज को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया। सभी ने गीत संगीत के साथ अपने सकारात्मक और रोचक अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन पद्मा झा और धन्यवादज्ञापन विद्या ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में अंजलि ठाकुर,ललिता चौधरी, सुषमा झा, राजश्री झा, भावना मिश्रा,सुशीला झा,वंदना सहित बीके झा,आशुतोष ठाकुर,राजेंद्र झा,धनेश मिश्रा,अशोक ठाकुर,ललित नारायण चौधरी और विमल शंकर झा आदि उपस्थित थे।

## सूरजमल जन कल्याण समाज अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



महाराजा सूरजमल जन कल्याण समाज भिलाई के अध्यक्ष सहीराम जाखड़ की अध्यक्षता में समाज ने लगातार प्रगति की है। भवन के जीर्णोद्धार से लेकर नव निर्माण तक का सफर उनकी कर्मठ कार्यकारणी के साथ तय किया है। उनकी समाज के प्रति लगन, निष्ठा और प्रयासों को देखते हुए 25 दिसम्बर 2024 को समाज के वार्षिक समारोह में प्रबुद्ध गणमान्यजनों ने सर्वसम्मति से उनकी कार्यकारिणी समिति का कार्यकाल 3 वर्षो तक बढ़ा दिया गया है। वर्तमान कार्यकारिणी के सदस्य निम्न है सरंक्षक नारायण सिंह दहिया, अतर सिंह खोखर, यशवीर सिंह, वजीर लोहान, अध्यक्ष सहीराम जाखड़, उपाध्यक्ष प्रेम बेरा, उपाध्यक्ष विजय मोर, सचिव रोहताश गहलाव, सह सचिव नवीन अत्री, सह सचिव गोगराज बाजिया, कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्मा। वहीं कार्यकारिणी सदस्य जयवीर गहलावत, देवेंद्र मलिक, कपिल सिंह, संजय सिंह रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



रिजर्वेशन कोच
24 जून से 04 जुलाई 2025, 08 जुलाई से 18 जुलाई 2025, 29 जुलाई से 08 अगस्त 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST )
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# इलाज के लिए तरस रहे मूर्तिकार नेलसन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





रत्नगर्भा छत्तीसगढ़ की माटी ने कलाजगत को कितने ही रत्नों से सुवासित किया। कला साहित्य की राजधानी माने जाने वाला भिलाई तो इस मामले में बेहद गौरवशाली है। यहां के कोहिनूरों चमक प्रदेश व देश ही नहीं वरन अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर भी फैली। लेकिन विडंबना देखिये कि अपनी कला साधना से जिन्होंने अपना पूरा जीवन होम कर दिया, आज जब उनका बुरा समय आया तो प्रदेश के कर्णधारों ने उनसे नजरें फेर लीं। प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई के बाद अब बीमारी से जूझ रहे पद्मश्री सम्मान से सम्मानित प्रसिद्ध मूर्तिकार 75 वर्षीय जेएम नेलसन भी बेहतर इलाज के लिए तरस रहे हैं। विधानसभा से लेकर गांव की पंचायत तक महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियां गढ़ने छत्तीसगढ़ का देश में मान बढ़ाने वाला यह यह मूर्तिकार आज खुद एक बेबस और असहाय बुत बनकर रह गया है। मूर्तिकार के साथ शहर के कलाकारों ने भी राज्य सरकार से मदद की गुहार की है। उल्लेखनीय कि पिछले दो साल से अस्वस्थ चल रहीं पद्मविभूषण पंडवानी गायिका तीजन बाई की मदद के लिए कलाकार बिरादरी और मीडिया के ध्यानाकर्षण के बाद सीएम सहित राज्य सरकार ने उदारता दिखाई थी। कलाकारों को अब उदारमना सरकार से ताउम्र कला के लिए समर्पित रहे मूर्तिकार नेलसन के लिए भी ऐसी ही सदाशयता की उम्मीद है। 2008 में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित नेलसन पिछले करीब दो साल से अस्वस्थ चल रहे हैं। हार्ट के मरीज तो पहले से ही थे, पिछले दिनों मूर्ति गढ़ते हुए पांव व कूल्हे की हड्डी क्रेक हो जाने व राड लगने से बैसाखी पर आ गए हैं। सेवानिवृत्ति बीएसपी कर्मी होने से सेक्टर नौ हास्पिटल को थोडा सहारा व परिजन यथाशक्ति संबल दे रहे हैं लेकिन बेहतर इलाज की जरुरत है।

- कलाकारों की सरकार से आर्थिक मदद की गुहार

### आधी सदी से अधिक तक हजारों मूर्तियां बनाईं

70 के दशक में बसंत टाकीज में जीवंत नर्तकी,विधानसभा परिसर रायुपर में राष्ट्रपित महात्मा गांधी, बूढ़ा तालाब में स्वामी विवेकानंद, पं. नेहरु अस्पताल भिलाई में अगस्त क्रांति के शहीदों से लेकर डोंगरगढ़ में गौतम बुद्ध तक छग व देश के कई स्थानों में लगी महापुरुषों की सजीव मूर्तियां बनाने वाले नेलसन के पास आज न तो सरकार व निगमों व अन्य लोगों से मूर्तियां बनाने के आर्डर हैं और न ही अपना बेहतर इलाज करवाने के लिए पैसे ही हैं। कलाकार नकुल महलवार, शीतल निर्मलकर और हीरेश ताम्रकार बताते हैं कि नेलसन ने अब तक सरकारों के साथ न जाने कितने लोगों के लिए जो पारिश्रमिक दे दिया, उसमें प्रतिमाएं बनाकर दीं लेकिन आज जब मुझे इलाज के लिए आर्थिक मदद की जररुत है तो किसी की उदारता नजर नहीं आ रही है। सरकार को खुद होकर मदद करने की जरुरत है। जेएम नेलसन बताते हैं कि सेहत अब जवाब देने लगी है, मूर्तियों के आर्डर भी नहीं मिलते। इलाज के लिए हाथ खाली है। सरकार को जरुरतमंद कलाकार ही नहीं उनके स्वाभिमान की भी रक्षा करने की नेकदिली दिखानी चाहिए। सेक्टर 1 स्थित अपने वर्कशाप में अपनी चंद पुरानी और आधी अधूरी मूर्तियों को उदास निगाहों से निहारते तन्हा कुर्सी पर अधलेटे बेबस शिल्पकार नेलसन का हौसला पूरी तरह टूटे, इसके पूर्व उन्हें कोरी हमदर्दी के बजाए सरकार को आर्थिक व मूर्ति के आर्डर की हौसलाआफजाई की जरुरत है।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
हरिभूमि कार्यालय
आदर्श पेट्रोल पंप के सामने, कमला मेडिकल लाईन, सुपेला भिलाई, मो. 8370049468



बाल उत्सव मेला में...

लाइव इवेंट

## यूथ आईकॉनिक अवार्ड से सम्मानित हुए योगाचार्य पंकज



**भिलाई।** भारत की प्रसिद्धि प्राप्त योग संस्थाओं में एक अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के तत्वावधान में देश की राजधानी नई दिल्ली के लाजपत भवन में योगाचार्य पंकज यादव, अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट ,वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कर्नल अमरदीप त्यागी ,योगाचार्य अमित देव, डिप्टी डायरेक्टर दिल्ली पुलिस जितेंद्र मणि त्रिपाठी ,डॉ. भारतीय आचार्य, योगगुरू मंगेश त्रिवेदी और कैप्टन आकाश सक्सेना ने प्रतिष्ठित पुरस्कार स्वामी विवेकानंद यूथ आईकॉनिक अवार्ड से अलंकृत किया गया। गौरतलब है कि यह सम्मान योग के क्षेत्र में योगाचार्यों द्वारा किए गए प्रयासों, लेखन, योग शिक्षकों के हित में किए गए कार्यों, योग के प्रचार-प्रसार, सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों में योग सत्रों के आयोजनों के लिए निःस्वार्थ भाव से लगे योगाचार्यों को प्रदान किया जाता है। इसी समारोह में छत्तीसगढ़ के 2 लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें जिला दुर्ग से पंकज यादव और ज़िला धमतरी से मालती साहू को सम्मानित किया गया। मिस्टर पंकज यादव जिले दुर्ग के निवासी है। जो राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडिलिस्ट खिलाड़ी , राष्ट्रीय योगा कोच , राष्ट्रीय योगा जज हैं और वर्तमान में रावतपुरा सरकार विश्विद्यालय नया रायपुर के पीएचडी स्कॉलर व सुराना महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के रूप में पदस्थ तथा दुर्ग भिलाई में अपनी स्माइल योग संस्थान संचालित कर रहे हैं। पंकज यादव स्व. दीपचंद यादव और माता इंद्रावती यादव के सुपुत्र हैं।

● व्यापार महोत्सव ने व्यापारियों, निवेशकों व दर्शकों को दिया एक मंच

# व्यापार महोत्सव 2025 का समापन : व्यापारियों को ऑनलाइन बिक्री के विभिन्न टूल्स और प्लेटफॉर्म्स जैसे सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स वेबसाइट्स और डिजिटल मार्केटिंग के महत्व को समझाया

**भिलाई चेम्बर द्वारा आयोजित व्यापार महोत्सव 2025 के अंतिम दिन सिविक सेंटर में हजारों की भीड़ जुटी। इस दौरान भिलाईवासियों ने न केवल व्यापार महोत्सव में लगे स्टॉल्स में खरीददारी की बल्कि बड़ी संख्या में पहुंचे उद्यमियों ने भी विभिन्न विषयों पर अपनी जानकारियां साझा की। इस महोत्सव ने व्यापारियों, निवेशकों और दर्शकों को एक ऐसा मंच प्रदान किया, जिसने न केवल व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ावा दिया, बल्कि नवाचार और तकनीकी विकास पर भी जोर दिया। अंतिम दिन का आयोजन विशेष रूप से ऑनलाइन बिक्री और डिजिटल युग के व्यापारिक कौशल पर केंद्रित था।**

**भिलाई ।** अंतिम दिवस के मुख्य वक्ता लक्षित सेठिया, सोशल सेलर अकादमी के संस्थापक, ने ऑनलाइन बिक्री के टिप्स पर टिप्स दिये। उन्होंने व्यापारियों और उद्यमियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने उत्पादों और सेवाओं को ग्राहकों तक पहुँचाने की नई रणनीतियों से अवगत कराया। लक्षित सेठिया ने कहा कि आज का युग डिजिटल है, और यदि आप अपने व्यापार को ऑनलाइन नहीं ला रहे हैं, तो आप एक बड़े अवसर से चूक रहे हैं। उन्होंने व्यापारियों को ऑनलाइन बिक्री के विभिन्न टूल्स और प्लेटफॉर्म्स जैसे सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स वेबसाइट्स और डिजिटल मार्केटिंग के महत्व को समझाया।

उन्होंने यह भी बताया कि ग्राहक की प्राथमिकताओं को समझकर और उनकी समस्याओं का समाधान देकर, ऑनलाइन बिक्री को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है। उनकी प्रैक्टिकल टिप्स और प्रेरणादायक विचारों ने उपस्थित व्यापारियों को डिजिटल युग में अपनी संभावनाओं का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि कैसे छोटे और मध्यम व्यापार डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से बड़े बाजार तक पहुँच सकते हैं।

अंतिम दिन के विशेष वक्ता यशवंत साहू ने डिजिटल ग्रोथ पर अपनी बात रखी। उन्होंने डिजिटल युग में व्यापार के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि कैसे डिजिटल मीडिया और प्लेटफॉर्म्स व्यापारियों के लिए नए अवसर पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म न केवल आपके उत्पादों को व्यापक दर्शकों तक पहुँचाने का माध्यम है, बल्कि यह आपकी ब्रांड वैल्यू को भी बढ़ाता है। यशवंत साहू ने व्यापारियों को डिजिटल मार्केटिंग की रणनीतियों और सोशल मीडिया के प्रभाव का उपयोग करने की सलाह दी।








छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने अपने उद्बोधन में इस महोत्सव के आयोजन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि व्यापार महोत्सव 2025 ने व्यापारी साथियों को एकजुट करने का कार्य किया और सभी को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने का मौका दिया। उन्होंने व्यापारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक व्यापारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह छत्तीसगढ़ को एक व्यापारिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। उन्होंने यह भी कहा कि महोत्सव के माध्यम से छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को बड़े बाजार तक पहुँचने का मौका मिला। यह महोत्सव छत्तीसगढ़ की व्यापारिक संस्कृति और विकास की क्षमता का प्रतीक है। श्री भसीन ने भिलाई चेंबर की पूरी टीम को आयोजन की सफलता के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इस महोत्सव से मिले अनुभव और प्रेरणा भविष्य में भी हमारे संगठन को और मजबूत बनाएगी। भिलाई चेंबर के अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने इस आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव न केवल व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए, बल्कि व्यापारियों और ग्राहकों के बीच विश्वास और संवाद को बढ़ाने के लिए एक आदर्श मंच साबित हुआ है। उन्होंने चेंबर के सदस्यों, व्यापारियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को अभूतपूर्व सफलता दिलाई। मिश्रा ने छत्तीसगढ़ में व्यापारिक संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला और बताया कि राज्य में व्यापारिक समुदाय के लिए अनुकूल वातावरण और नीतियाँ मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि व्यापार महोत्सव 2025 का यह आयोजन एक मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम संयोजक भोला नाथ सेठ ने महोत्सव की योजना और कार्यान्वयन पर प्रकाश डालते हुए इसे टीम वर्क की सराहना की। उन्होंने कहा कि व्यापार महोत्सव 2025 का हर पहलू व्यापारिक समुदाय के समर्पण और प्रयास का प्रमाण है। उन्होंने आयोजन के दौरान मिले सहयोग के लिए चेंबर की टीम और व्यापारी साथियों को धन्यवाद दिया। भिलाई चेंबर ने महोत्सव के दौरान विभिन्न व्यापारिक और सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया। आयोजन में उन व्यापारियों, उद्यमियों और टीम के सदस्यों की सराहना की गई, जिन्होंने इस महोत्सव को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मानित किए गए लोगों को चेंबर द्वारा विशेष प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।



सिटी इवेंट

## विधान सिर्फ एक लीगल डॉक्यूमेंट नहीं बल्कि सामाजिक क्रांति का दस्तावेज: प्रो. माने



**भिलाई।** दो दिवसीय करियर गाइडेंस, उद्यमिता विकास और संविधान जानो कार्यशाला का समापन रविवार को डॉ अंबेडकर भवन सेक्टर-6 भिलाई में हुआ। डॉ अंबेडकर एक्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी भिलाई, सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ,एनस्टेप छत्तीसगढ़ और मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुए। इस कार्यक्रम में उच्चतर स्कूली कक्षाओं के विद्यार्थी सहित नौजवान बड़ी संख्या में भागीदारी दी। इस दौरान संविधान बनने की प्रक्रिया, संविधान सभा की बहसों और मूल बातों से लोग अवगत हुए। इस कार्यशाला का प्रारंभ उद्यमिता विकास पर मार्गदर्शन से हुआ। दूसरे दिन समापन सत्र में संविधान को जानो कार्यक्रम के अंतर्गत विषय विशेषज्ञ के तौर पर मुंबई से प्रो. सुरेश माने उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में दुनिया जब विज्ञान और विकास की राह पर चलती है तो सर्वाधिक आबादी वाले हमारे भारत देश में नागरिकों को अपने दायित्व बोध के प्रति एक तरह से प्रशिक्षित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्ग को एक सूत्र में बांध कर रखना और भाईचारे के आधार पर समाज की पुनर्रचना करना हमारे भारतीय संविधान का मूल मकसद है। इस मकसद को हासिल करने संविधान साक्षरता की आज ज्यादा जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारा संविधान सिर्फ एक लीगल डाक्यूमेंट नहीं है बल्कि सामाजिक क्रांति का दस्तावेज है।

## एक दिवसीय ग्रामीण शिविर अथर्व कॉलेज में आयोजित



**भिलाई।** एक दिवसीय ग्रामीण शिविर अथर्व महाविद्यालय धनोरा जिला दुर्ग के प्राचार्य डॉ. भारती साहू के मार्गदर्शन और दिशा निर्देश पर ग्राम बोरीगारका जिला दुर्ग में एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं द्वारा गांव का सर्वे किया गया। इस सर्वे में अथर्व महाविद्यालय धनोरा की टीचर बेद साहू, किरण सिंह,सरला चंद्राकर एमएसडब्ल्यू के फाइनल ईयर और सेकंड सेमेस्टर के छात्र छात्राएं उपस्थित थीं। गांव के सरपंच गुजेश्वरी साहू, उपसरपंच शान्तनु यादव ने गांव के बारे में बताया कि बोरीगारका दो भाग में बांटा हुआ है। छोटा और बड़ा बोरीगारका, गांव की जनसंख्या 2937 ,पशु की संख्या 1360, गांव का क्षेत्रफल 660.39 हेक्टेयर में है। जिसमें छोटा बोरीगारका में एक प्राथमिक स्कूल है। जिसमें 22 बच्चे पढ़ाई करते हैं। जिससे 10 छात्र,12 छात्राएं ,2 टीचर हैं। चार सामुदायिक भवन है। एक पंचायत भवन, एक धान मंडी है। दो तालाब ,पांच हेडपंप, गांव के लोग धान ,गेहूं,सरसों की खेती करते हैं।बड़ा पारा बोरीगारक में दो स्कूल है। एक प्राथमिक और एक मिडिल स्कूल जिसमें प्राथमिक स्कूल में 64 बच्चे हैं।

## महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता एवं शिक्षा की दिशा में छात्रा न्यासा ने की अनुकरणीय पहल

**भिलाई।** महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता एवं शिक्षा पिछले कई दशकों से चर्चा का विषय रहा है। समानता और सशक्तिकरण की लड़ाई में महिलाओं ने एक लंबा सफर तय किया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इस संबंध में विचार व्यक्त करते हुए, 8वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा न्यसा गुप्ता महिलाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों को संबोधित करने के लिए आगे आई और इस बारे में अपने माता-पिता से अपनी भावनाएँ व्यक्त की। इस अभियान की शुरुआत बीके इंजीनियरिंग कार्पोरेशन से ही करनी चाहिए जिसके डायरेक्टर उनके पिता नितिन गुप्ता है। इस अभियान में किशोरों और समुदाय को स्वच्छता, सशक्तिकरण और शिक्षा के बारे में जागरूक करना शामिल है। बीके इंजीनियरिंग कार्पोरेशन में आयोजित प्रेजेंटेशन में लगभग 300 महिलाओं और युवा लड़कियों को संबोधित करते हुए न्यसा ने महिलाओं के बीच स्वच्छता और शिक्षा के महत्व के बारे में बात की। मासिक धर्म के दौरान होने वाली कठिनाई और बचाव को लेकर जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार, कार्यस्थल पर समान अवसर, निर्णय लेने की शक्ति और देश के आर्थिक विकास में योगदान देने के अधिकार के बारे में समझाया है। जब महिलाएं सशक्त होती है, तो समाज आमतौर पर सशक्त होता है और इस तरह भविष्य सुरक्षित होता है। इसे सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं की शिक्षा जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस संबंध में महिलाओं की मदद करने के लिए तैयार हैं।



## मेडिकल ऑफिसर के पद पर डॉ. आकाश का चयन



**भिलाई।** डॉ. आकाश साहू का चयन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ के द्वारा मेडिकल ऑफिसर के पद पर जिला अस्पताल दुर्ग में हुआ है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग कार्यालय में ज्वाइन कर अपने कर्तव्य स्थल सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय दुर्ग में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व वे मेडिकल ऑफिसर के पद पर सीएचसी पाटन में पदस्थ थे। विगत दिनों पाटन में युवा सम्मेलन के अवसर पर उनका सम्मान किया गया था। डॉ आकाश साहू छात्र जीवन से ही मेधावी एवं परिश्रमी रहे हैं। वे हाई स्कूल मोहलाई दुर्ग के प्राचार्य ,प्रदेश साहू संघ तथा सर्व समाज संगठन के महामंत्री लखन लाल साहू एवं श्रीमती गयावती साहू के सुपुत्र हैं। उल्लेखनीय है कि आकाश की दोनों बड़ी बहनें डॉ. दीपाली और डॉ. अंबाली बस्तर में मेडिकल ऑफिसर के रूप में पदस्थ हैं।

### जैनत्व महिला मंडल द्वारा मेडिकल केम्प



**भिलाई।** पद्मनाभपुर दुर्ग में जैन समाज के जैनत्व महिला मंडल द्वारा फ्री मेडिकल हेल्थ केम्प शिविर लगाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपने हेल्थ का चेकप कराया जिसमें सभी प्रकार के रोगों का फ्री में चेक किया गया हेल्थ केम्प में पूर्व विधायक अरुण वोरा, डीसी लुनिया, ज्ञानचंद कोठारी, प्रकाश देशलहरा, पद्मनाभपुर के पूर्व पार्षद राजेश शर्मा व समिति की अध्यक्ष आकांक्षा लुनिया रेखा बाफना सहित महिला मंडल की सदस्या व जैन समाज लोग उपस्थित थे।

विभिन्न राज्यों की पारम्परिक नृत्य के साथ शिक्षाप्रद नाटकों का हुआ मंचन

## स्कूली बच्चों ने वार्षिकोत्सव में बिखेरी कला व संस्कृति की छटा

कार्नर न्यूज

कृष्णा हायर सेकण्डरी स्कूल रामनगर के उत्सव भवन सुंदर नगर में आयोजित वार्षिकोत्सव विविध 2025 में बिखरी कला व संस्कृति की मनोरम छंटा ने दर्शक दीर्घा में मौजूद पालकों व अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्री-प्राइमरी से लेकर हायर कक्षाओं के छात्र - छात्राओं ने छत्तीसगढ़ सहित अन्य विभिन्न राज्यों की पारम्परिक नृत्य के साथ शिक्षाप्रद नाटकों का मंचन किया।



**भिलाई।** समारोह का आरंभ बच्चों के दादा-दादी व नाना-नानी द्वारा दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण प्राथमिक बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रम एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए। जिसमें छत्तीसगढ़ की बारहमासी, राजस्थान की कलवेरिया, पंजाब की गद्दिा, महाराष्ट्र की गोंदलमाता सहित देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्यों की प्रस्तुति ने दर्शक दीर्घा को बांधे रखा। मंचीय प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने ऑनलाइन ठगी, बेटी बचाओ, सड़क सुरक्षा और अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान का संदेश दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की धर्मपत्नी श्रीमती ऋचा सेन, मिस्ट्रेस इंडिया 2024 गीत सोन, समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। अतिथियों ने शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर व उनके पालकों का सम्मान किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर जसलीन कौर ने , प्राचार्या रंजीत कौर मौजूद थे।



## सिटी इवेंट

# निबंध संग्रह सांस्कृतिक संचेतना का हुआ विमोचन



लाई। वरिष्ठ कथाकार डॉ. नलिनी श्रीवास्तव के निबंध संग्रह स्कृतिक संचेतना का शनिवार को भिलाई निवास के हॉल में हित्यकारों की मौजूदगी में विमोचन किया गया। इस अवसर पर मोचित कृति पर साहित्यिक विमर्श भी हुआ। समाज सेवा, हित्य, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए वैभव काशन और छत्तीसगढ़ राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, रायपुर ने उन्हें हित्य वैभव सम्मान से अलंकृत भी किया। अतिथियों ने देवी स्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विमोचन समारोह विधिवत शुरुआत की। समारोह का संचालन करते हुए डॉ. धीर शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक निबंध की ललित परंपरा की रुआत अगर किन्हीं साहित्यकार ने की है, तो वे डॉ. नलिनी वास्तव हैं। साहित्य वाचस्पति पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की रासत, परंपरा और संस्कृति को उनके परिवारजन लगातार आगे ा रहे हैं। वरिष्ठ साहित्यकार परदेशी राम वर्मा ने कहा कि नलिनी पारिवारिक जिम्मेदारियां बखूबी निभाते हुए बख्शी की परंपरा उनके अनुरूप निभाया। रवि श्रीवास्तव, गुलबीर सिंह भाटिया दि मौजूद थे।

## हेल्थ लाइव

# वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर



लाई। शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से फाई मित्र सुरक्षा कैम्प लगाने के लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश धरी के द्वारा निर्देशित एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा शी नगर पालिका परिषद, जामुल के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल युनिट के ध्यम से सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। फाई मित्र सुरक्षा शिविर के तहत नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत नी जीरो वेस्ट सेंटर एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत सभी च्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शेष शिविर के माध्यम से प्रति माह शिविर का आयोजन कर वश्यक जांच एवं परीक्षण किया जा रहा है। जहां सेंटर में र्यरत सभी स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। समें बीपी, शुगर, कैल्शियम, ब्लड ग्रुप, थाइरॉइड, विटामिन अन्य जांच किये गए एवं जांच उपरांत मेडिकल ऑफिसर डॉ. नेश साहू द्वारा आवश्यक दवाइयां दीदियों को उपलब्ध करवाई स्वास्थ्य संबंधी बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी भी साजा । यह सेवा मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से न केवल च्छता कर्मियों बल्कि आम नागरिकों के लिए भी निःशुल्क लब्ध है। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वच्छता रीक्षक व जिला समन्वय और भी अधिकारी मौजूद थे।

## एजुकेशन इवेंट

# सेंट थॉमस कॉलेज में 100 घंटे का सर्टिफिकेट कार्यक्रम आयोजित



लाई। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट र्यालय ने एमओयू पार्टनर बजाज फिनसर्व लिमिटेड के साथ 0 घंटे का सर्टिफिकेट कार्यक्रम आयोजित किया है। प्रशिक्षण बैंकिंग, वित्त, बीमा और कार्यस्थल में संचार विषय पर था। क ऐसा विषय जो पेशेवर दुनिया में बहुत प्रासंगिकता और महत्व खता है। सत्र के दौरान, छात्रों ने सीखा कि कैसे अल्पकालिक र दीर्घकालिक लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं और उन्हें प्रबंधनीय णों में विभाजित किया जाता है। प्रमाणीकरण का उद्देश्य प्रदर्शन र गुणवत्ता के उच्चतम मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए कंग, बीमा और कार्यस्थल संचार कौशल में आवश्यक विशिष्ट शल, ज्ञान और दक्षताओं को मान्य करना है। प्रमाणन कार्यक्रम र कॉलेज यात्रा के संयोजन ने व्यक्तिगत विकास के साथ कादमिक शिक्षा का मिश्रण करते हुए एक सर्वांगीण अनुभव ान किया। छात्रों की प्रतिक्रिया ने इस पहल के लिए उच्च स्तर संतुष्टि और सराहना का संकेत दिया, कई लोगों ने उद्देश्य और णा की एक नई भावना व्यक्त की। यह प्रमाणीकरण न केवल ापित मानकों के अनुपालन को दर्शाता है बल्कि उत्कृष्टता और ाचार के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यामिनी राय, विचल ताम्रकार और हेमन्त रहेजा प्रमाणपत्र कार्यक्रम के लिए ाणित प्रशिक्षक थे। 21 अक्टूबर 2024 से शुरू हुए और 5 संबर को समाप्त हुए प्रशिक्षण सत्र में एम.कॉम, बी.कॉम और बीए के 44 छात्रों ने भाग लिया। सर्टिफिकेशन की शुरुआत प्री-सेसमेंट टेस्ट से हुई और पोस्ट असेसमेंट के साथ खत्म हुई, सेसमेंट में पास होने वाले 44 छात्रों ने इसके लिए सर्टिफिकेट या था। इसके लिए प्रमाणपत्र वितरण आयोजित किया गया था। त्रों को सम्मानित करने के लिए मुख्य अतिथि बीएसपी डीजीएम येंदु सर्खेल उपस्थित थे। कॉलेज के प्रशासक रेव फादर डॉ. एस वर्गीस, प्रिंसिपल डॉ. एमजी रॉयमन, डीन एकेडमिक्स देबजानी मुखर्जी और टीपीओ की संयोजक डॉ. सुनीता क्षत्रिय सभी उम्मीदवारों को उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ● सुपेला संकुल व नोडल केंद्र अंतर्गत हुआ बाल मेला उत्सव

# बाल उत्सव मेला में 11 स्कूलों के विद्यार्थियों ने किया अद्भुत कला कौशल का प्रदर्शन, मिला सम्मान

**भिलाई।** सुपेला संकुल एवं नोडल केंद्र अंतर्गत शालाओं के विद्यार्थियों ने अपने कला कौशल का हैरतअंगेज प्रदर्शन कर विशाल जन समुदाय को प्रभावित कर दिया। सुपेला संकुल एवं नोडल प्राचार्य राजेश चटर्जी ने बताया कि परंपरा अनुसार वर्ष 2025 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुपेला भिलाई (दुर्ग) में आयोजित महा बाल उत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य के सभ्यता,संस्कृति,त्यौहार पर 13 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने स्टाल एवं स्टेज पर अपने टैलेंट का लाइव प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने सनातन धर्म की मान्यताओं तथा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित अविस्मरणीय प्रस्तुति स्टेज पर दिया। बाल उत्सव मेला का शुभारंभ एसएमडीसी अध्यक्ष पुष्पलता कर तथा सुपेला नोडल एवं संकुल के प्राचार्य तथा प्रधानपाठकों ने माँ सरस्वती के पूजा अर्चना से किया। मुख्य अतिथि रिचा रिकेश सेन ने कहा कि बाल प्रतिभा को देखकर मैं अचंभित हूँ। उन्होंने आयोजनकर्ता सुपेला स्कूल के सोच,पहल और प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत के गौरवशाली गाथा से विद्यार्थियों को जोड़ना एक अच्छी विचारधारा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने आश्चर्यजनक प्रस्तुति देकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया है। विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिये वे स्वयं पहल करेंगी।उन्होंने माह अगस्त में विशेष समारोह में उन्होंने विद्यार्थियों को कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया।



### बाल उत्सव मेला को बाल महाकुंभ का स्वरूप दिया गया

भाजपा जिला अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने कहा कि विद्याल ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के शुभ अवसर पर सुपेला स्कूल में आयोजित हुए समारोह को बाल कलाकारों ने बाल उत्सव मेला को बाल महाकुंभ का स्वरूप प्रदान कर दिया है समारोह में विशेष रूप से स्वीटी कौशिक, सविता शर्मा, डॉ. सोनाली चक्रवर्ती स्वयंसिद्धा ने अभद्र भाषा के प्रयोग के विरुद्ध पालक-बालक-शिक्षक को जागृत करते हुए अपने प्रोजेक्ट जागृति के तहत शपथ दिलाया। बाल उत्सव में शीतल पब्लिक स्कूल,कर्मा विद्यालय, प्रयास श्रवण एवं विकलांग संस्थान,खालसा पब्लिक स्कूल, शिवा पब्लिक स्कूल, श्री शारदा पब्लिक स्कूल,डॉ राधाकृष्णन मेमोरियल स्कूल, विजडम पब्लिक स्कूल, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवा सहित शासकीय उच्चतर एवं पूमावि सुपेला तथा शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक 1 एवं 2 के विद्यार्थियों ने स्टेज तथा स्टाल में अपने कला कौशल प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया।

### स्कूली बच्चों ने दी शानदार नृत्यों की प्रस्तुति



शीतला स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा शिवजी की बारात...... हो या प्रयास संस्था के मूक बधीर बच्चों का सुआ नृत्य हो...... या शिवा पब्लिक स्कूल का शिव तांडव धुन पर योग प्रदर्शन हो या कर्मा विद्यालय का राउत नाचा हो या खालसा का पंथी नृत्य हो या राधाकृष्णन स्कूल का कर्मा नृत्य हो या श्रीशारदा स्कूल का आदिवासी नृत्य हो या सुपेला स्कूल का बारामासी गीत/नृत्य या प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 1 का फाग अथवा क्रमांक 2 का जवारा (भोजली) गीत पर नृत्य हो,सब एक से बढ़कर एक था। इन विद्यालयों के द्वारा स्टेज कार्यक्रम के कांसेप्ट के इतिहास को स्टाल में भी लाइव प्रस्तुति चलता रहा। अतिथियों के द्वारा प्रत्येक विद्यालय को टालेंट्स अवार्ड प्रदान किया गया।समारोह के प्रबंधन कार्य में सहयोग सुपेला स्कूल के शिक्षकों तथा समस्त स्टाफ ने किया एवं मंच संचालन खुलेश सेन एवं संगीता चंद्राकर ने किया।



## गुहा निषाद जयंती

# राम दरबार व श्रीराम मंदिर का दिव्य दरबार, शोभायात्रा रही मुख्य आकर्षण



**भिलाई।** परसुलीडीह पाटन पाली निषाद समाज द्वारा शनिवार को भक्त गुहा निषाद जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीरामचंद्र की प्रभात फेरी निकाली गई। वहीं सुबह आराध्य देव भगवान रामचंद्र तथा गुहा निषाद राज की पूजा अर्चना कर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में आगे-आगे मानस मण्डली की महिलाएं भगवान श्रीराम व भक्त गुहा निषाद के महिमा का बखान करते चल रही थी। पीछे-पीछे दिव्य राम दरबार एवं अयोध्या के श्रीराम मंदिर का दिव्य दरबार शोभायात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष समन्वय समिति बाबा मार्तंड सिंह मांझी तथा अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू शामिल हुए।

विधायक साहू ने कहा कि गुहा निषाद राम राज्य के प्रथम नागरिक थे, जिन्हें न केवल भगवान श्रीराम के सखा होने का गौरव प्राप्त है बल्कि वनवास के दौरान भगवान श्रीराम माता सीता तथा लक्ष्मण को नया पर लगाने का भी श्रेय जाता है। निषाद समाज का योगदान अतुलनीय है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने निषाद समाज को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र में अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे तथा कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सामाजिक कार्यक्रम में सम्मानित करें।भक्त गुहा निषाद की क्षेत्रवासियों को सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना किया। इस अवसर पर निषाद समाज अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद, कोमल निषाद, ओमप्रकाश निषाद, बिरेन्द्र निषाद, संतोषी निषाद ललिता निषाद जोगेंद्र निषाद दिनेश निषाद तथा क्षेत्रीय के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## महिला व बाल विकास विभाग का आयोजन

# आगनबाड़ी के पालना केंद्र में छोटे बच्चों को मिलेगी सुविधा



**भिलाई।** नपानि भिलाई के वार्ड-70 हुडको में जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 32 बंगला के सामने शासकीय प्राथमिक शाला के बाजू स्थित नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन में पालना केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जामुलकर, जिला महिला एव बाल विकास अधिकारी अजय साहू के साथ फीताकाट कर केन्द्र का उदघाटन किया। अधिकारियों ने पालना केन्द्र की विशेषता से उपस्थितजनों को अवगत करवाया। इस अवसर पर सीडीपीओ पदमजा सिन्हा, जावेद खान,आरबीके राव,अरु अग्रवाल, पी श्रीनिवास, दिपां दास, अशोक स्वाइ, दानेश साहू,श्यामल राय,बब विश्वास,अनील पाटी व्हीएस राव, राजे डहाके,अनील नेमीचंद शर्मा,विज मंढरिया,सी अनी त्रिलोक सिंह,आले आनंद, ललिता साहू,पुष्पल निषाद, निर्मला तरोने, संध्या डहा श्रीमती किरण सिंह, संगीता खड़से,बबीता गु पुष्पादेवांगन,कलावती,रेणु ,कामि सुपरवाइजर योगेश्वरी देशलहरा,शेख अक सहित छोटे बच्चे एंव उनके अभिभाव उपस्थित थे।

**नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन में हुआ पालना केंद्र का शुभारंभ**

## माह दिसंबर-24 में रिटायर कर्मियों को दी विदाई

# बीएसपी के रिटायर कर्मियों की सोसाइटी के प्रति भावना ही हमारी सच्ची पूंजीः पूरन

**कार्नर न्यूज**

**बीएसपी एम्पलाइज को-ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 का आयोजन**

**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज को-ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने समारोह का आयोजन कर माह दिसंबर 2024 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सोसाइटी की कार्य संस्कृति की सराहना की सम्मान के लिए आभार जताते हुए भविष्य में भी जुड़े रहने की इच्छा जताई।सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी।



### सेवानिवृत्ति कर्मियों ने व्यक्त किए अपनी भावनाएं

इस दौरान अध्यक्ष पूरन देवांगन ने कहा कि सेवानिवृत्ति के उपरांत जो भाव हमारे वरिष्ठ कर्मियों के मन में सोसाइटी के प्रति उभरता है, वही हमारी सच्ची पूंजी है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक पड़ाव जरूर है लेकिन सोसाइटी का सभी वरिष्ठ साथियों से संबंध पूर्ववत बना रहेगा। इन रिटायर कर्मियों में मेडिकल से एम.वेंकटेश्वर राव और मोहम्मद कमर, कोक ड्राई कूलिंग प्लांट से राजेंद्र कुमार वर्मा , फायर ब्रिगेड से सुधीर कुमार सिंह और पी.श्रीनिवास राव ,रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से फरीद खान और ललित कुमार भार्गव, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 से राजेंद्र कुमार,ऑटो रिपेयर शॉप से देवानंद मेश्राम, मर्चेंट मिल से अनिल कुमार, एम.एस.जी. से निर्मल कुमार सिंह,बार एंड रॉड मिल से खोरबाहरा राम, वायर रॉड मिल से जय कुमार, प्लेट मिल से अशोक कुमार देशमुख और विजय कुमार पांडे, रिफ्रैक्ट्रीज इंजीनियरिंग विभाग-1 से राम सुमन गंगराले और ओर हैंडलिंग प्लांट से आनंद प्रकाश कोशले शामिल हैं। रिटायर सदस्यों ने भी इस मौके पर अपनी भावनाएं व्यक्त की।

### बच्चों का संवारा है भविष्य

आनंद प्रकाश कोशले ने कहा कि यहां किसी भी तरह के भुगतान में कभी कोई परेशानी नहीं आई। फरीद खान ने कहा कि सोसाइटी से लिए गए ऋण से ही उन्होंने अपने बच्चों का भविष्य संवारा। पी. श्रीनिवास राव ने कहा कि सोसायटी के सदस्य बने रहने से ऐसा महसूस होता था कि ब्लैंक चेक हमेशा जेब में है। सभी रिटायर सदस्यों ने सोसायटी की कार्य प्रणाली, स्टाफ का व्यवहार और संचालक मंडल के सहयोगात्मक रवैये की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन, संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण सिंह, नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी तथा सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू, सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मंच संचालन शशि भूषण सिंह ने किया और आभार प्रदर्शन वेद प्रकाश सूर्यवंशी ने किया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### स्कूली खेल स्क्वैश में छत्तीसगढ़ को रजत



**रायपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 17 जनवरी से 19 जनवरी तक दिल्ली के के .आर. मंगलम वर्ल्ड स्कूल में आयोजित 68 वी स्कूल राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप 2025 में छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के बालक अंडर-19 वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम गौरवान्वित किया। छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व मलय राठौड़, यश सोनवानी, अरसलान शेख और जीत पारेख ने किया। पहले राउंड में छत्तीसगढ़ की टीम ने असम को 2-0 (11-6, 11-8, व 11-8, 11-7)से हराया। क्वार्टर फाइनल में गुजरात की टीम को 2-0 (11-7, 11-9 व 11-8, 11-9 एवं सेमीफाइनल में तमिलनाडु क़ो 2-1 (9-11,11-8,11-6) से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में महाराष्ट्र से 2-0 से हारकर रजत पदक पर कब्जा किया। उक्त जानकारी दिल्ली से टीम मेनेजर व कोच गजेंद्र साहू व कोच बुद्धेश्वरी साहू ने देते हुए बताया कि सभी खिलाड़ी छत्तीसगढ़ स्क्वैश एसोसिएशन के निर्देशन में रायपुर डिस्ट्रिक स्क्वाश एसोसिएशन द्वारा संचालित स्क्वैश कॉम्प्लेक्स, बुढ़ापारा में अभ्यास करते है। खिलाडियों के इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ में स्क्वैश के जनक डॉ विष्णु कुमार श्रीवास्तव, रायपुर डिस्ट्रिक स्क्वैश एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल,जे डी रायपुर राकेश पाण्डेय सहयक संचालक अनिल मिश्रा, डी एस ओ आई पी वर्मा संदीप गोविलकर,प्रकाश कश्यप, केशव जलक्षत्री और राहुल साहू ने खिलाडियों क़ो इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

### वूमेंस फुटबॉल में एमजीएम एम्बुश की टीम रही विजेता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित पांचवीं छत्तीसगढ़ स्टेट वूमेंस फुटबॉल लीग चैंपियनशिप के अंतर्गत पंत स्टेडियम में एक मैच एमजीएम एम्बुश एवं यूनिवर्सल गर्ल्स एफसी के मध्य खेला गया। जिसमें एमजीएम एम्बुश ने 4 - 0 से जीत दर्ज की। एमजीएम एम्बुश की ओर से हिना निर्मलकर ने 18 वें, जानवी साहू ने 45 वें, गुंजन ने 65 वें एवं निशा भोई ने 84 वें मिनट में गोल किया। यूनिवर्सल गर्ल्स एफसी की टीम कोई गोल नहीं कर पाई।

### साउथ एशियन थाई बॉक्सिंग में छत्तीसगढ़ को मिले 4 स्वर्ण पदक




**रायपुर।** एशियन थाई बॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में थाई बॉक्सिंग इण्डियन फेडरेशन और मध्यप्रदेश थाई बॉक्सिंग संघ द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर, कोटरा, भोपाल (मध्यप्रदेश) के बॉक्सिंग रिंग मे साउथ एशियन चैंपियनशिप के मुकाबले खेले गए। छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन, महासचिव लखन कुमार साहू ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन 17 से 19 जनवरी को भोपाल में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के चयनित तीन थाई बॉक्सर खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 04 स्वर्ण पदक जीते। उल्लेखनीय है कि इस चैंपियनशिप में भाग लेने छ ग का आमंत्रित 04 सदस्यीय दल भोपाल गया था। चैंपियनशिप के चीफ जज के रूप में राज्य संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन तथा दंतेवाड़ा खेल विभाग की कोच टिकेश्वरी साहू को रेफ़री और भारतीय थाई बॉक्सिंग बालिका दल की कोच के रूप में भी आमंत्रित किया गया था। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों में टिकेश्वरी साहू (खेल एवँ युवा कल्याण, दंतेवाड़ा) – सीनियर फाइट (- 48 केजी) में स्वर्ण पदकऔर ओपन म्यूजिकल इवेन्ट में स्वर्ण पदक सहित कुल 02 स्वर्ण, मानसी तांडी (रायपुर) – सीनियर फाइट (- 45 केजी) में स्वर्ण पदक, घृतेश साहू (रायपुर) – जूनियर वर्ग (-65 केजी) में फाइट में स्वर्ण पदक शामिल हैं। मेजबान भारत सहित नेपाल, भूटान और श्रीलंका के कुछ महिला, पुरुष खिलाड़ियों की प्रतीकात्मक उपस्थिति के अलावा अन्य विदेशी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारतीय दल के चयनित 39 खिलाड़ियों के विभिन्न वजन और आयु वर्ग के बीच स्पर्धा कराई गई। भारतीय दल में चुने गए अधिकांश थाई बॉक्सर खिलाड़ी विगत राष्ट्रीय ओवरऑल राष्ट्रीय चैंपियन महाराष्ट्र के और सेकण्ड रनर अप मध्यप्रदेश के थे। टिकेश्वरी ने म्यूजिकल इवेन्ट में तीन अन्य भारतीय खिलाड़ियों के मुकाबले सर्वाधिक अंक हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया.

## लक्षण दिखते ही हो जाएं सावधान, मिलेगी राहत

# पुरुष-महिला में अलग तरह के होते है हार्टअटैक के लक्षण इन संकेतों को किया अनदेखा तो बढ़ सकती हैं मुश्किलें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पुरुष हों या महिला सभी लोगों में हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में हार्ट अटैक होने का खतरा अधिक देखा जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि पुरुष और महिला में हार्ट अटैक के लक्षण अलग-अलग होते हैं?

हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हैं। हृदय रोगों की गंभीर स्थितियों में हार्ट अटैक (दिल का दौरा) का खतरा बढ़ जाता है जिसे जानलेवा माना जाता है। अकेले साल 2021 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि हार्ट अटैक के कारण 20 मिलियन (दो करोड़) से अधिक लोगों की मौत हो गई। पिछले कुछ वर्षों के डेटा देखें तो पता चलता है कि अब 30 से कम आयु के लोगों में भी हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता जा रहा है। इसके जोखिमों को देखते हुए सभी उम्र के लोगों को हृदय स्वास्थ्य पर गंभीरता से ध्यान देते रहना चाहिए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पुरुष हों या महिला सभी लोगों में हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में हार्ट अटैक होने का खतरा अधिक हो सकता है। इतना ही नहीं हार्ट अटैक से मृत्यु का खतरा भी महिलाओं में अधिक होता है।



### पुरुषों और महिलाओं में हार्ट अटैक

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति हार्ट अटैक का शिकार हो रहा है। हृदय रोग पुरुषों और महिलाओं दोनों में मृत्यु का प्रमुख कारण है। जब किसी कारणवश रक्त का संचार आपके हृदय तक नहीं पहुंच पाता है या बाधित हो जाता है, तो इसके कारण हृदय की मांसपेशियों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है। ऑक्सीजन के बिना, कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होने लगती है और इनके डेड होने का खतरा रहता है। आइए जानते हैं कि पुरुष और महिला में हार्ट अटैक के क्या लक्षण होते हैं और कैसे इसकी पहचान की जा सकती है?

### हार्ट अटैक होने पर क्या होता है?



हार्ट अटैक की स्थिति में आपको अपनी छाती में दर्द, दबाव या असहजता महसूस हो सकती है। इसके अलावा आपको सांस लेने में तकलीफ, पसीना आने, बेहोशी या पेट में दर्द जैसी दिक्कतों का भी अनुभव हो सकता है। कई बार छाती में होने वाला दर्द आपकी गर्दन, जबड़े या कंधों में दर्द तक भी फैल सकता है। हार्ट अटैक की स्थिति में पुरुषों को ठंडा पसीना आने और बाएं हाथ में दर्द महसूस होने की समस्या अधिक होती है।

पर पुरुषों और महिलाओं में लक्षण एक जैसे हों ये जरूरी नहीं है। आइए जानते हैं कि पुरुषों-महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षणों में कैसे अंतर किया जा सकता है?

### महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण

महिलाओं में हार्ट अटैक के असामान्य लक्षण विकसित होने की आशंका अधिक होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई मामलों में लक्षणों की सही तरीके से पहचान न हो पाने के कारण निदान में गलती हो सकती है जिसके कारण रोग की गंभीरता बढ़ने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। साल 2023 में किए गए अध्ययनों की समीक्षा के अनुसार हार्ट अटैक की स्थिति में पुरुष और महिला दोनों ही सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत करते हैं। हालांकि, महिलाओं में कुछ लक्षण अलग हो सकते



हैं। शरीर के अलग-अलग हिस्सों में होने वाला दर्द,मतली और उल्टी,सांस फूलना,बहुत ज़्यादा पसीना आना, चक्कर आना पुरुषों में कौन से लक्षण देखे जाते हैं? पुरुषों में दिल के दौरे के लक्षणों में सीने में दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ, हाथ, जबड़े, गर्दन या पीठ में दर्द होना बहुत आम है। इसके अलावा सांस लेने में तकलीफ के मामले पुरुषों में अधिक देखे जाते हैं। इस तरह की दिक्कतों के साथ अगर आपको बहुत ज्यादा पसीना आने की समस्या हो रही है तो इस हार्ट अटैक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हार्ट अटैक एक आपातकालीन स्थिति है। इसके लक्षणों को देखते हुए समय रहते इलाज कराना बहुत आवश्यक हो जाता है। इलाज में देरी जानलेवा हो सकती है।



## फिटनेस रूटीन फॉलो करने से बढ़ती है आपकी वर्क प्रोडक्टिविटी

हम सभी अपनी वर्क प्रोडक्टिविटी को बूस्ट करना चाहते हैं, जिससे हम वर्कप्लेस में अधिक बेहतर परफॉर्म कर सके। लेकिन अक्सर ऐसा लगता है कि जैसे काम हमारी सारी एनर्जी को खत्म कर रहा है या फिर हम अपने पोटेंशियल के अनुसार काम नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में जरूरी होता है कुछ अतिरिक्त स्टेप उठाना। आपको शायद पता ना हो, लेकिन एक अच्छा फिटनेस रूटीन आपको पूरा दिन काम करने के लिए सुपरचार्ज कर देता है।

एक्सरसाइज सिर्फ आपकी बॉडी को शेप में लाने और अच्छा दिखने में ही मदद नहीं करती है, बल्कि इससे आपका एनर्जी लेवल भी बूस्ट होता है। साथ ही साथ, आपका स्ट्रेस कम होता है और आप अधिक फोकस्ड महसूस करते हैं। जिसका सीधा असर आपके काम पर नजर आता है। यह जरूरी नहीं है कि आप इंटेंस वर्कआउट ही करें। एक छोटी सी सैर हो, योगाभ्यास या फिर डेस्क स्ट्रेचिंग, इससे आपको अपने शरीर को अधिक एक्टिव रखने का मौका मिलता है। जिससे आपको काफी फायदा मिलता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि एक फिटनेस रूटीन आपकी वर्क प्रोडक्टिविटी को किस तरह बेहतर बना सकता है-

### एनर्जी लेवल होता है बूस्ट



जब आप रेग्युलर एक्सरसाइज करते हैं तो इससे ना केवल थकान कम होती है, बल्कि आपकी ओवर ऑल एनर्जी पर भी अच्छा असर पड़ता है। फोर्ब्स में छपी एक स्टडी के अनुसार, सुबह एक्सरसाइज करने वालों के 129 प्रतिशत अधिक प्रोडक्टिव महसूस करने की संभावना थी, जिसमें 69 प्रतियात ने बताया कि वे रात में व्यायाम करने वालों की तुलना में 61 प्रतिशत अधिक प्रोडक्टिव थे। आपको शायद अंदाजा ना हो, लेकिन रेग्युलर एक्सरसाइज आपको इतनी एनर्जी देती है, जिसकी बराबरी कॉफी नहीं कर सकती। जब आप एक्सरसाइज करते हैं, तो आपका शरीर एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज करता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और आप अधिक एक्टिव फील करते हैं।

### स्ट्रेस होता है कम

काम में डेडलाइन्स से लेकर मीटिंग व गोल्स यकीनन काफी थका देते हैं और व्यक्ति खुद को स्ट्रेस में फील करता है। लेकिन एक अच्छा वर्कआउट तनाव को कम करने का काम करता है। एक्सरसाइज वास्तव में एक स्ट्रेस रिलीवर की तरह काम करती है। जर्नल ऑफ़ ऑक्यूपेशनल एंड एनवायर्नमेंटल मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, मॉडरेट लेवल की फिजिकल एक्टिविटी भी आपको भावनात्मक थकावट को कम करने में मदद करती है, जिससे बर्नआउट कम होता है। चाहे वज़न उठाना हो, दौड़ना हो या डांस वर्कआउट करना हो, एक्सरसाइज तनाव हार्मोन कोर्टिसोल के लेवल को कम करने में मदद करता है, जिससे आपको अधिक आराम महसूस होता है।



## आर्किटेक्ट क्रिकेट में केरल और तमिलनाडु राष्ट्रीय चैम्पियन, टेटे में ओडिशा रहा विजेता

**रायपुर।** द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ऑर्किटेक्स द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल स्पर्धा (आईआईएपीएल) के तहत क्रिकेट महिला वर्ग में केरल की टीम चैंपियन बनीं। वहीं पुरुष वर्ग का खिताब तमिलनाडु ने जीता। बैडमिंटन टीम इवेंट में ओडिशा की टीम विजेता रही।

क्रिकेट में महिला और पुरुष वर्ग का फाइनल आज शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परसदा में खेला गया।

■ **बैडमिंटन में आरती, आकाश विजेता**

आईआईएपीएल में देशभर के 20 राज्यों से क्रिकेट टीमों ने भाग लिया।महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला ओड़िसा और केरल के बीच हुआ। इसमें केरल विजेता बनी। केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 63 रन बनाए थे। जवाब में ओडिशा की टीम 3 विकेट खोकर 38 रन ही बना पाई। वहीं पुरुष वर्ग में सेमीफाइनल और फाइनल के मैच हुए। खिताबी मुकाबले में तमिलनाडु चैंपियन बना। तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को एकतरफा मुकाबले में 9 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। महाराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट गंवाकर 66 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसे तमिलनाडु ने 1 विकेट खोकर पार कर लिया। इसके पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु ने मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र ने राजस्थान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

बैडमिंटन में आरती, आकाश, रमेश विजेता

बैडमिंटन प्रतियोगिता में ओपन महिला वर्ग में केरल की आरती विजेता और गुजरात की मुस्कान उपविजेता बनी। डबल्स में राजस्थान की आस्था व कल्पना विजेता, केरल की आरती व अंजना उपविजेता बनी। मिक्स डबल्स में केरल की जोड़ी रमेश और आरती विजेता, केरल की जोड़ी दानिश



और अंजना उपविजेता रही। पुरुष वर्ग के में 40 वर्ष से कम आयु वर्ग में केरल के रमेश चैंपियन बने। उन्होंने केरल के ही दानिश को हराया। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आंध्र के दिबय विजेता और कर्नाटक के विनायक उपविजेता बने। डबल्स मुकाबले में कर्नाटक के संदीप व विनायक की जोड़ी ने ओडिशा की गिरधर और नवीन जी जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम किया। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में रायपुर के आकाश विजेता बने। उसने फाइनल में मध्यप्रदेश के रमन को पराजित किया।

टेबल टेनिस के टीम इवेंट में ओडिशा से महाराष्ट्र को हराकर खिताब जीता। वही मिक्स डबल्स में गुजरात की जोड़ी महेंद्र और हितेश विजेता बनी। इस जोड़ी ने फाइनल में मध्य प्रदेश के नीरज एवं रवि को जोड़ी को हराया इसीरह मिक्स डबल्स में महाराष्ट्र के उपेंद्र- शीला विजेता और उड़ीसा की जोड़ी शुभ श्री - सब्याची उपविजेता बनी।

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ऑर्किटेक्स छत्तीसगढ़ चेप्टर के अध्यक्ष सौरभ रहाटगांवकर ने बताया कि पुरस्कार रविवार को होटल बेबीलान वीआईपी रोड में आयोजित भव्य समारोह में विजेता टीमों को ट्रॉफी और अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।

## प्लास्टिक रैप से फूड आइटम्स लपेटना कितना सही

प्लास्टिक रैप, जिसे क्लिंग फिल्म भी कहा जाता है, किचन में सबसे उपयोगी चीजों में से एक है। हम इसे अक्सर फूड आइटम्स को लपेटने, स्टोर करने और ताजगी बनाए रखने के लिए उपयोग करते हैं। लेकिन क्या यह सचमुच फूड प्रिजर्वेशन के लिए सुरक्षित है? क्या यह हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तो नहीं है? आइए इस पर विस्तार से चर्चा करें।



### प्लास्टिक रैप के फायदे

**फूड प्रिजर्वेशन:** प्लास्टिक रैप का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह खाद्य पदार्थों को ताजगी बनाए रखने में मदद करता है। जब हम इसे खाद्य पदार्थों के ऊपर लपेटते हैं, तो यह हवा, नमी और गंदगी से बचाने का कार्य करता है, जिससे खाने की गुणवत्ता और स्वाद में कोई बदलाव नहीं आता। खासकर, सब्जियां, फल और अन्य ताजे खाने की चीजें लंबे समय तक ताजगी बनाए रखती हैं।

**इस्तेमाल में आसान:** प्लास्टिक रैप को इस्तेमाल करना बहुत आसान होता है। यह किसी भी आकार और रूप में लपेटने के लिए लचीला होता है और इसका उपयोग बेहद सरल है। चाहे आप किसी कटोरे को ढकना चाहें या किसी पकोड़े को लपेटना हो, प्लास्टिक रैप के साथ यह काम करना बहुत आसान होता है। जब खाने की वस्तु को प्लास्टिक रैप से लपेटते हैं, तो यह नमी को बनाए रखता है, जो खाद्य पदार्थों के लिए अच्छा होता है, खासकर जब वे सूखने की संभावना रखते हैं, जैसे कि ब्रेड या पके हुए बचे हुए खाने के लिए। यदि आप प्लास्टिक रैप का इस्तेमाल कम करना चाहते हैं, तो ऐसे कई विकल्प उपलब्ध हैं जिन्हें आप इनकी जगह इस्तेमाल कर सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

### बच्चों की तैयारी के लिए खुद को तैयार रखें अभिभावक

# बोर्ड परीक्षा के लिए बच्चे की तैयारी पर अभिभावक परेशान होने के बजाए उठाएं कुछ जरूरी कदम, मिलेगी सफलता

10वीं या 12वीं कक्षा में पढ़ रहे बच्चे के लिए बोर्ड परीक्षा एक अहम पड़ाव होता है, जो उनके भविष्य को तय करने में मदद करता है। अच्छे अंक आने पर बेहतर कॉलेज में प्रवेश, छात्रवृत्ति और करियर के लिए क्षेत्र तय करने में मदद मिलती है। ऐसे में भारत के अधिकतर सभी स्कूलों,कोचिंग क्लासेज बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करते हैं।

माता-पिता अपने बच्चे की बोर्ड परीक्षा के लिए सबसे अधिक चिंतित होते हैं। ऐसे में वह बच्चे पर पढ़ाई का अतिरिक्त दबाव बनाने लगते हैं। लेकिन इसका असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी होता है और अतिरिक्त दबाव उन्हें परेशान कर सकता है। बोर्ड परीक्षा बच्चों के लिए जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण होती है और इसमें अभिभावकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में जो बच्चे इस साल बोर्ड की परीक्षा देने वाले उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करने के लिए अभिभावकों को भी कुछ तरीके अपनाने चाहिए, ताकि बच्चा बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम ला सके।



### प्रोत्साहित करें

बच्चा दबाव में तब आता है, जब माता पिता अपनी चिंता अत्यधिक जाहिर करते हैं, वो भी नकारात्मक तरीके से। उन पर दबाव बनाने के बजाए माता पिता को बच्चे को परीक्षा के लिए प्रेरित करना चाहिए। साथ ही बच्चे के छोटे-छोटे प्रयासों और उपलब्धियों की सराहना करें।परीक्षा को जीवन-मरण का प्रश्न बनाने की बजाय इसे एक सीखने का अवसर मानें।

### पढ़ाई की योजना बनाने में मदद करें

बच्चे के साथ मिलकर एक प्रभावी टाइम टेबल तैयार करें। टाइमटेबल ऐसा हो ताकि पढ़ाई और आराम के बीच संतुलन बनाए रखा जा सके। कठिन विषयों को अधिक समय दें और पिछले साल के प्रश्न पत्र और महत्वपूर्ण टॉपिक्स की पहचान करें।

### मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें

इस बात का ध्यान रखें कि बच्चा मानसिक रूप से परेशान न हो। उसका उत्साहवर्धन करने का प्रयास करें। ऐसी बातें करें जो उसे उत्साहित करें ना कि निराश करें। जैसे ₹तुम यह कर सकते हो₹ और ₹मैं तुम्हारे साथ हूं₹ आदि बातें कहें। बच्चे की तुलना अन्य बच्चों से न करें।

परिणाम को लेकर ज्यादा चिंता न करें

बच्चे को यह समझाएं कि मेहनत का परिणाम हमेशा सकारात्मक होता है। परीक्षा के बाद भी उसे यह भरोसा दिलाएं कि आपका प्यार और समर्थन उसके साथ है।



परिक्षा में बेहतर अंक को भविष्य के लिए एकमात्र रास्ता न बनाएं।

### नियमित ब्रेक और नींद का ध्यान रखें

दिनभर पढ़न से बच्चा होनहार नहीं हो जाएगा। जरूरी है कि हर एक दो घंटे की पढ़ाई के बाद उसे 10-15 मिनट का ब्रेक मिले। इस ब्रेक में वह दिमाग को फ्रेश करें। शारीरिक गतिविधि करे ताकि उसके दिमाग को आराम और सेहत दुरुस्त रह सके। इसके साथ ही नींद बेहतर जरूरी है। बच्चे को कम से कम 7-8 घंटे की नींद लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सुपरमैन फेम हेनरी कैविल की गर्लफ्रेंड नताली और बच्चे के साथ तस्वीर वायरल



हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता हेनरी कैविल और उनकी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो हाल ही में अपने पहले बच्चे के माता-पिता बने हैं। इस खुशखबरी का उन्होंने आधिकारिक तौर पर ऐलान अभी नहीं किया है, लेकिन दोनों को ऑस्ट्रेलिया में एक बेबी कैरिज के साथ चलते हुए देखा गया। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आने के बाद हर तरफ उनके माता-पिता बनने के कयास लगने शुरू हो गए हैं। अप्रैल 2024 में कैविल ने यह पुष्टि की थी कि वह और नताली अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। इस मौके पर कैविल ने एंटरटेनमेंट मीडिया आउटलेट 'एक्सेस हॉलीवुड' से कहा था, ₹मैं बहुत उत्साहित हूं। नताली और मैं दोनों इस बारे में बेहद खुश हैं। मुझे यकीन है कि आप लोग जल्द ही इस बारे में और भी ज्यादा जानेंगे।₹ हेनरी कैविल और नताली ने इंस्टाग्राम पर अप्रैल 2021 में आधिकारिक तौर पर जोड़े के रूप में साथ होने का एलान किया था। उन्होंने अपनी एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें दोनों शतरंज खेलते हुए नजर आ रहे थे। इस जोड़े ने 2022 के अंत में न्यूयॉर्क सिटी में 'एनोला होम्स 2' फिल्म के प्रीमियर के दौरान रेड कार्पेट पर अपनी पहली सार्वजनिक उपस्थिति दी थी। इसके अलावा कैविल और नताली एक साथ 'वारहैमर 40,000' नाम के मिनिएचर वॉरगेम का स्क्रीन अडैप्टेशन भी बना रहे हैं। कैविल के आगामी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह जल्द ही 'इन द ग्रे' फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसमें उनके साथ जैक जिलेनहाल और ईजा गोंजालेज भी हैं।

### टॉलीवुड

## मेरलापाका के साथ वरुण नजर आएंगे इंडो-कोरियन की हॉरर फिल्म में



तेलुगु सिनेमा के अभिनेता वरुण तेज ने फिल्म मुकुंदा से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कांचे, फिदा, थोली प्रेमा और गड्डालकोंडा गणेश जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता। आज वरुण के जन्मदिन पर उनकी आगामी कोरियन हॉरर कॉमेडी फिल्म वीटी 15 का पोस्टर शेयर किया है, जो उनके प्रशंसकों के लिए वरुण की बर्थ डे का रिटर्न गिफ्ट है।

तेलुगु सिनेमा के अभिनेता वरुण तेज ने फिल्म मुकुंदा से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कांचे, फिदा, थोली प्रेमा और गड्डालकोंडा गणेश जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता। आज वरुण के जन्मदिन पर उनकी आगामी कोरियन हॉरर कॉमेडी फिल्म वीटी 15 का पोस्टर शेयर किया है, जो उनके प्रशंसकों के लिए वरुण की बर्थ डे का रिटर्न गिफ्ट है।साउथ अभिनात वरुण तेज फिल्म मटका के बाद अब एक इंडो-कोरियाई हॉरर कॉमेडी के साथ वापसी के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का नाम वीटी 15 रखा गया है, जिसमें कई रोमांचक पहलुओं के साथ कॉमेडी भी देखने को मिलेगी। वरुण तेज के जन्मदिन के अवसर पर निर्माताओं ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। पोस्टर में एक रहस्यमयी जार दिखाया गया है, जिस पर ड्रैगन का डिजाइन है और एक कपड़ा जल रहा है, साथ ही अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी गई हैं। टैगलाइन सस्पेंस और कॉमेडी के अनूठे मिश्रण की ओर इशारा करती है ₹जब शिकार करना मजेदार हो जाता है।₹ यह फिल्म दो पावरहाउस प्रोडक्शन हाउस और एपिक एंटरटेनमेंट का इंतजार कर रही है। यूवी क्रिएशन्स और फर्स्ट फ्रेम एंटरटेनमेंट अविश्वसनीय रूप से बहुमुखी अभिनीत एक इंडो-कोरियाई हॉरर कॉमेडी लाने के लिए एक साथ वापस आ गए हैं।

### छॉलीवुड

## छत्तीसगढ़ में बनीं हिंदी फिल्मों के गाने जारी, पसंद कर रहे लोग



भिलाई टाकीज पिक्चर्स, वान्या फिल्म्स प्रोडक्शन और निम्स फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी हिंदी फीचर फिल्म मानव मार्केट के गाने जियो सावन और गाना डॉट कॉम पर, रिलीज़ हो चुके हैं। ओम त्रिपाठी, बाली कुर्रे और नेहा शुक्ला की मुख्य भूमिकाओं वाली, फिल्म के लेखक-निर्देशक ग़ुलाम हैदर मंसूरी तथा निर्माता कैलाश चंद्र अग्रवाल, निम्मी रोशन सवाने और ग़ुलाम हैदर मंसूरी हैं। फिल्म में कुल चार गीत हैं। जिनमें से तीन गीत, कलयुग के भगवान, जी लो ज़िंदगी और मंज़िलों को आज कर ले तू फतेह का ऑडियो, गाना डॉट कॉम और जियो सावन पर रिलीज़ किया गया है। इसके अलावा फिल्म का चौथा गीत तेरे नैना बावरे कुछ दिनों के बाद रिलीज़ किया जाएगा। फिल्म मानव मार्केट के ज़रिये, स्वास्थ्य सेवा के नाम पर हो रहे व्यापार को, जनता के सामने लाने की कोशिश की गई है। फिल्म के पोस्टर का विमोचन, कुछ महीनों पहले रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा किया गया है। फिल्म के तीन गीतों के संगीतकार प्रदीप साटिया और अनुग्रह जाइडन तथा एक गीत तेरे नैना बावरे के संगीतकार सेराज अहमद हैं। गीतकार, ग़ुलाम हैदर मंसूरी, भरत द्विवेदी, राहुल मंत्रा और अनुग्रह जाइडन हैं तथा गीतों को आवाज़ दी है। मीरा त्रिपाठी, राहुल मंत्रा, इरफान जिंदरान और ज़ोहेब अहमद ने।




स्पोर्टकोर ट्रेंड एथलेटिक कपड़ों को ठाठ, फैशनेबल तत्वों के साथ मिलाता है। मिउ मिउ और लैकोस्टे जैसे डिजाइनरों ने अपने संग्रह में प्लीटेड टेनिस स्कर्ट और वर्सिटी स्वेटर जैसे स्पाटी पीस को शामिल किया है और उन्हें एक सुरुचिपूर्ण मोड़ दिया है। स्पोर्ट्स ड्रेस में इन दिनों यह सब ट्रेंड में है।

## विंटर में अपनी स्किन की जरूरत के अनुसार चुनें क्लींजर

जिस तरह हर किसी की स्किन टाइप अलग होती है, ठीक वैसे ही स्किन की जरूरतें भी अलग होती हैं और उन्हें समझते हुए क्लींजर को चुनना चाहिए। फिर चाहे आप स्किन के रूखेपन की समस्या से जूझ रहे हों या फिर ऑयली पैच आपको परेशान कर रहे हों, एक सही क्लींजर आपकी स्किन की बेहतर देखभाल कर सकता है। ठंड के मौसम में अपनी स्किन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आपको किस तरह के क्लींजर को चुनना चाहिए,यह जरूर जानिए-

### रूखी स्किन के लिए क्लींजर

ठंड के मौसम में स्किन काफी रूखी हो जाती है और अगर आपकी स्किन पहले से ही रूखी है तो आपकी समस्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है। इस मौसम में अपनी स्किन की जरूरतों को समझते हुए आपको एक जेंटल मॉइश्चराइज़िंग क्लींजर को चुनना चाहिए। जिससे आपकी स्किन के नेचुरल ऑयल ऐसे ही बने रहें। आप अपनी स्किन की जरूरत के अनुसार क्रीम-बेस्ड या ऑयल बेस्ड क्लींजर चुनें। आपको जेल बेस्ड क्लींजर से बचना चाहिए। जर्नल ऑफ़ डर्मेटोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, फोमिंग क्लींजर की तुलना में क्रीम-बेस्ड क्लींजर स्किन से नेचुरल ऑयल को हटाने की संभावना कम होती है, जिसकी वजह से वे रूखी स्किन के लिए एकदम सही होते हैं।

### ऑयली स्किन के लिए क्लींजर

सर्दियों में ठंडी हवा शायद आपकी स्किन को ऑयली ना बनाए, लेकिन फिर भी यह चिपचिपी हो सकती है। खासकर इनडोर हीटिंग की



वजह से ऐसा होना लाजमी है। ऐसे में अपनी स्किन की देखभाल करने के लिए आप एक जेंटल जेल या फोम क्लींजर का उपयोग करें। ये आपकी स्किन पर हार्श हुए बिना ऑयल को बैलेंस करने में मदद करता है। आप सैलिसिलिक एसिड या टी ट्री ऑयल जैसे इंग्रीडिएंट युक्त क्लींजर को चुनें।

### कॉम्बिनेशन स्किन के लिए क्लींजर

ठंड के मौसम में कॉम्बिनेशन स्किन आपको परेशान कर सकती है, क्योंकि कुछ एरिया रूखे महसूस हो सकते हैं, वहीं कुछ ऑयली दिखाई देते हैं। इस तरह की स्किन के लिए जेल-बेस्ड या क्रीम बेस्ड क्लींजर का चयन किया जा सकता है।

## कॉरपोरेट इवेंट के लिए साड़ी होनी चाहिए कुछ अलग, खरीदते वक्त रखें ध्यान




जब कभी कोई कॉरपोरेट इवेंट होता है, तो उसकी सही तरह से तैयारी करना बेहद जरूरी होता है। यूं तो अक्सर कॉरपोरेट इवेंट्स के लिए हम प्रोफेशनल लुक कैरी करना चाहते हैं और इसलिए ब्लेजर के साथ पैंट को स्टाइल करते हैं। लेकिन कॉरपोरेट इवेंट्स में एथनिक वियर जैसे साड़ी पहनना भी अच्छा विचार हो सकता है। यह ना केवल आपको अधिक खूबसूरत दिखाते हैं, बल्कि आपका लुक प्रोफेशनल भी नजर आता है। हालांकि, साड़ी में अपने ग्रेसफुल प्रोफेशनल लुक को बैलेंस करना कभी-कभी टफ टास्क हो सकता है।



### फ़ैब्रिक को नजरअंदाज करना

कॉरपोरेट इवेंट के लिए साड़ी खरीदते समय फैब्रिक को नजरअंदाज करना एक बड़ी गलती साबित हो सकती है। दरअसल, कॉरपोरेट इवेंट घंटों तक चल सकते हैं, और ऐसे में ब्रोकेड, स्टिफ सिल्क या स्क्रैची नेट फैब्रिक को चुनना आपके लिए परेशानी भरा हो सकता है। इसलिए, कोशिश करें कि आप शिफॉन, जॉर्जेट, क्रेप या कॉटन सिल्क जैसे लाइट फैब्रिक की साड़ी हो चुनें। इन्हें ना केवल अच्छी तरह से ड्रेप करना आसान होता है, बल्कि इन्हें संभालना भी काफी आसान होता है। इससे आपको हैवीनेस वाली फील नहीं आती है।

### हैवी एंब्रायडरी चुनना

अक्सर हम कॉरपोरेट इवेंट में स्टाइलिश दिखने के लिए हैवी एंब्रायडिड साड़ी को चुनते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा करने से बचना चाहिए। जब आप हैवी एंब्रायडरी या ग्लिटरी सीक्वेंस बेस्ड साड़ी को चुनते हैं तो इससे आपको प्रोफेशनल लुक नहीं मिलता है। बल्कि ऐसा लगता है कि आप किसी शादी या फंक्शन का हिस्सा बनने जा रही हैं। हालांकि, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि आप कॉरपोरेट इवेंट के लिए बिल्कुल प्लेन साड़ी चुनें। आप चाहें तो कुछ सटल डिजाइन जैसे छोटे मोटिफ, मिनिमल एंब्रायडरी या फिर हल्का जरी वर्क चुन सकती हैं।

### कलर को लेकर गड़बड़ करना

जब आप कॉरपोरेट इवेंट के लिए साड़ी खरीद रही हैं तो आपको कलर पर खासा ध्यान देना चाहिए। इसे अक्सर हम नजरअंदाज कर देते है।

## साड़ी पहनते वक्त सेफ्टी पिन से फट गया ब्लाउज तो ऐसे कीजिए फटाफट रिपेयर

साड़ी पहनते समय ब्लाउज पर इसे समेटने के लिए अक्सर महिलाएं सेफ्टी पिन का इस्तेमाल करती हैं। इससे कई बार ब्लाउज फट जाता है। अगर आपका ब्लाउज सेफ्टी पिन से फट गया है, तो यहां दिए गए कुछ टिप्स की मदद से आप अपनी समस्या को तुरंत हल कर सकती हैं।

### डबल साइडेड टेप का करें इस्तेमाल

जब आपको जल्दबाजी में कहीं निकलना हो और उसी वक्त आपका ब्लाउज सेफ्टी पिन से फट गया हो, तो उसपर सिलाई करना मुश्किल होता है। ऐसे में, आप डबल साइडेड टेप से फटी हुई जगह को चिपका सकती हैं।हालांकि, यह केवल अस्थायी उपाय है। इसे बाद मेंआपकोठीक करने के लिए अन्य तरीके अपनाने होंगे।

### सुई-धागे से तुरंत सिलाई करें

अगर ब्लाउज हल्का फट गया है, तो सुई-धागा लेकर तुरंत उसे सिल सकती हैं।ध्यान दें कि धागे का रंग ब्लाउज से मेल खाता हो, ताकि सिलाई बाहर से नजर न आए और आपके ब्लाउज की खूबसूरती बनी रहे।साड़ी



पहनते समय हमेशा ध्यान रखें कि आप एक अच्छी क्वालिटी की सेफ्टी पिन का इस्तेमाल करें।

### एंब्रॉयडरी या डिजाइनिंग से कवर करें

अगर फटा हुआ हिस्सा बड़े क्षेत्र में है, तो एंब्रॉयडरी या स्टोन वर्क से उसे छिपाने में आप कामयाब हो सकती हैं। अगर आप क्रिएटिविटी जानती हैं, तो खुद ही कर सकती हैं। वरना इसेकिसी प्रोफेशनल टेलर से करवाना ज्यादा बेहतर हो सकता है।पिन को ब्लाउज या साड़ी में अधिक जोर से न लगाएं। इससे ब्लाउज के फटने की संभावना कम हो सकती है।

## फ्री के केराटिन ट्रीटमेंट से आप पा सकती हैं बेहद खूबसूरत बाल

बालों को खूबसूरत अंदाज देने के लिए अब बाजार में बहुत सारे ट्रीटमेंट्स आ चुके हैं। इन ट्रीटमेंट्स की मदद से आपके बाल सिल्की, स्मूद और चमकदार बन सकते हैं। मगर इस ट्रीटमेंट्स को बाजार में कराने के लिए आपको काफी पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। कई बार तो बाल ट्रीटमेंट के बाद भी बहुत कम समय के लिए ही उसके प्रभाव में नजर आते हैं। इन ट्रीटमेंट्स में से एक है हेयर केराटिन। आपको कई पार्लर में यह ट्रीटमेंट 2000 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक में मिल जाएगा। मगर आप घर में फ्री में भी बालों को यह ट्रीटमेंट दे सकती हैं। इस बारे में हमारी बात ब्यूटी एक्सपर्ट पूनम चुघ से हुई है। वह कहती हैं, ₹केराटीन एक तरह का प्रोटीन होता है। बालों को भी सबसे ज्यादा प्रोटीन की ही आवश्यकता पड़ती है, ऐसे में सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप ऐसी घरेलू चीजों का प्रयोग करें, जो प्रोटीन रिच हों। आप इनसे होममेड केराटीन रिच हेयर मास्क तैयार कर सकती हैं।₹



### होममेड केराटिन हेयर मास्क

सबसे पहले एक बर्तन में अंडे का सफेद भाग निकाल लें और उसे अच्छे से फेंटें।। अंडे का सफेद भाग प्रोटीन से भरपूर होता है, जो बालों को मजबूत और चमकदार बनाने में मदद करता है। यह बालों को पोषण देने के साथ-साथ उनके गिरने को भी रोकता है। अब इसमें विटामिन-ई कैप्सूल का तेल डालें। विटामिन-ई बालों को नमी देने के साथ-साथ उनके टूटने और झड़ने को कम करता है।

**कार्नर न्यूज**

**फैशन के गलियारों में धूम मचा रहा है यह खास पैटर्न, जानें इससे जुड़े कुछ बेहद रोचक तथ्य**

## फैशन में केरी या पेसले पैटर्न आज का नहीं बल्कि 11 वीं सदी से अब तक है लोकप्रिय, लोग अपनातें हैं इसे शान से

*कुछ चीजें सदाबहार होती हैं। फैशन इंडस्ट्री में भी आपको ऐसी कई चीजें देखने को मिल जाएंगी। इनमें से कुछ पेसली पैटर्न इन्हीं में से एक हैं। भारत में इस पैटर्न को केरी के नाम से भी जाना जाता है। जी हां, आम का फल जब पेड़ पर उगता है, तो वो इसी आकार का नजर आता है। भारतीय फैशन इंडस्ट्री में यह बहुत ही प्रचलित पैटर्न है और प्राचीन भी। हैरानी की बात तो यह है कि अब आधुनिक फैशन ट्रेंड्स में भी इस पैटर्न ने अपनी जगह बना ली हैं। आपको केवल एथनिक ही नहीं बल्कि वेस्टर्न आउटफिट्स में भी इस तरह के पैटर्न देखने को मिल जाएंगे। मगर यह प्रिंट असत्तिव में कैसे आया और इसका महत्व क्या है यह जानने के लिए हमने बात की आर्ट क्योरेटर एंव आर्टिस्ट मनीषा गावड़े से। वह कहती हैं, "प्राचीन समय में डिजाइंन, पैटर्न और चिन्हों के अर्थ हुआ करते थे।*



### क्या होते हैं पेसली पैटर्न ?

ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार, ₹पेसली पैटर्न जटिल और घुमावदार आकार के होते हैं। यह आम की केरी यानी अम्बी से तो मिलते जुलते हैं ही, साथ ही इन्हें भारतीय देवदार (पाइन-कोन) की डिजाइन पर आधारित माना जाता है। फैशन की भाषा में इसे बूटा कहा जाता है, फारसी भाषा में इसका अर्थ फूल होता है।

### क्या पेसली प्रिंट का इतिहास ?

ऐसा माना जाता है कि इस पैटर्न का इतिहास 2000 वर्षों से भी अधिक है। मनीषा कहती हैं, ₹ इसकी उत्पत्ति 11वीं सदी में भारत के कश्मीर क्षेत्र में हुई, ऐसा माना जाता है। ज़ोरास्ट्रियन धर्म में इसे प्रजनन शक्ति का प्रतीक माना गया है। भारती मान्यताओं के अनुसार भी इसका शेप महिला के गर्भ जैसा ही होता है, इसलिए इसे उन्हीं से जोड़ा जाता है। ₹ मुगल शासन के दौरान पेसली पैटर्न को राजा महाराजाओं के कपड़ों, सिंहासनों और ताज पर भी देखा गया है। वहीं कश्मीर में बनने वाली पश्मीना शॉल में भी यह पैटर्न सबसे लोकप्रिय है। 16वीं सदी में कश्मीरी शॉल यूरोप में पहुंचे, तो अपने साथा यह प्रिंट भी वहां ले गए।



जिससे यह डिजाइन यूरोपीय फैशन का भी हिस्सा बना गया है।

### कैसे पड़ा 'पेसली' नाम?

भारत और ईरान से ज्यादा वेस्टर्न कंट्रीज में इस पैटर्न को लोकप्रियता मिली। जब कश्मीरी शॉल्स को यूरोपीयन महारानियों ने अपनी वॉर्डरोब का हिस्सा बनाया, तो वहां भी इन शॉलों का निर्माण शुरू हुआ। 19वीं सदी में स्कॉटलैंड के पेसली नामक शहर ने इन शॉल्स का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू किया।